

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 152

ग्वालियर, शनिवार, 19 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# पीएम मोदी ने दी मुंबई उपनगरीय रेलवे को बड़ी सौगात, अगले कुछ वर्षों में 400 नई वंदे भारत ट्रेन शुरू की जाएंगी

### 6,000 से अधिक रेलवे स्टेशनों को वाईफाई से जोड़ा गया है

**मुंबई।** प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली मुंबई उपनगरीय रेल को आज भारतीय रेल की तरफ से बड़ी सौगात दी है. शुक्रवार को पीएम मोदी ने ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली दो अतिरिक्त रेलवे लाइनों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया. इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई उपनगरीय रेलवे की दो उपनगरीय रेलगाड़ियों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया. जिसके बाद अब मुंबई में उपनगरीय रेलगाड़ियों के यातायात के साथ लंबी दूरी की रेलगाड़ियों के यातायात में रुकावट दूर हो गई. दरअसल, शुक्रवार शाम 4.30 बजे पीएम मोदी ने ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली दो अतिरिक्त रेलवे लाइनों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया. इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई उपनगरीय रेलवे की दो उपनगरीय रेलगाड़ियों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया. अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि ये मुंबई वासियों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी. ठाणे-दिवा के बीच नई बनी पांचवीं और छठी रेल लाइन के शुभारंभ पर हर मुंबईकर को बहुत-बहुत बधाई. ये नई रेल लाइन मुंबई



की कभी ना थमने वाली ज़िंदगी को और अधिक रफ्तार देगी. पीएम मोदी ने कहा, पिछले 7 सालों में मुंबई में मेट्रो का भी विस्तार हुआ है. मुंबई के आसपास के उपनगरीय केंद्रों में भी मेट्रो शुरू की जा रही हैं. 2008 में, इन लाइनों के लिए आधारशिला रखी गई थी, 2015 तक इनके पूरा होने की उम्मीद थी. हमने इस पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया और इसे पूरा करना सुनिश्चित किया. उन्होंने आगे कहा कि आज से सेंट्रल रेलवे लाइन पर 36 नई लोकल चलने जा रही हैं. इनमें से भी अधिकतर एसीट्रेनें हैं. ये लोकल की सुविधा को विस्तार देने, लोकल को आधुनिक बनाने के केंद्र सरकार के कमिटमेंट का हिस्सा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल आज मुंबई और देश की आवश्यकता है. ये मुंबई की क्षमता को और सपनों के शहर के रूप में मुंबई की पहचान को सशक्त करेगी. उन्होंने कहा, मुंबई महानगर ने आज़ाद भारत की प्रगति में अपना अहम योगदान दिया है. अब प्रयास है कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी मुंबई का सामर्थ्य कई गुना बढ़े. इसलिए मुंबई में 21वीं सदी के इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर हमारा विशेष फोकस है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अतीत में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स सालों-साल तक इसलिए चलते थे क्योंकि प्लानिंग से लेकर एग्जीक्यूशन तक तालमेल की कमी थी. इस अप्रोच से 21वीं सदी भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण संभव नहीं है।

## देश को नेतृत्व देने वाले यूपी के समक्ष कांग्रेस, सपा और बसपा सरकारों ने पैदा किया पहचान का संकट: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मुलायम के गढ़ में भाजपा ने खेमाबंदी तेज कर दी है। चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले सीएम योगी ने मैनपुरी और करहल के घिरोर में जनसभाओं को संबोधित किया। करहल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव मैदान में हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि करहल विधानसभा क्षेत्र में आसन्न हार को देखकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने आपा खो दिया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल पर हमला उनकी कायरता का उदाहरण है। कांग्रेस, सपा-बसपा ने 2014 के पहले पूरे देश की दुर्गति कर दी थी। जो उत्तर प्रदेश देश को नेतृत्व देता था उसे यह सरकारें वहां ले आई कि उत्तर प्रदेश के सामने खुद की पहचान का संकट आ गया। सीएम योगी ने कहा कि मैं कल देख रहा था कि सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव नामांकन के लिए करहल आए थे, तब उन्होंने कहा कि अब दोबारा सर्टिफिकेट लेने के लिए आऊंगा, एसपी सिंह बघेल ने उनको 5वें दिन ही यहां आने पर मजबूर कर दिया।



## जिसका परिवार होता है,वहीं परिवार का दुख दर्द समझ सकता : अखिलेश

**जालौन।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी पर परिवारवाद और अपने कार्यकाल में सिर्फ परिवार का ही भला करने के भाजपा के आरोपों पर कहा कि जिसके परिवार होता है, वहीं उनका दुख दर्द समझ सकता है, जिनका कोई परिवार नहीं होता, वह दुख दर्द क्या जाने। जालौन में चुनाव प्रचार के दौरान सपा अध्यक्ष ने कह। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता कह रहे हैं, कि हम घोर परिवारवादी हैं, जिसका परिवार होता है,वहीं परिवार वालों का दुख दर्द समझता है। यह भाजपा के नेता इनके कोई परिवार नहीं है, यह क्या जानें परिवार का दुख दर्द क्या होता हैं। एक परिवार वाला ही अपना दायित्व, अपनी जिम्मेदारी समझ सकता है। एक परिवार वाला ही समझता है कि मंहगाई क्या है ? यहां परिवार वाले लोग बैठे हैं,जो मंहगाई को महसूस कर सकते हैं। नौजवान बेरोजगार, मंहगाई की मार को महसूस करते हैं। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सपा का मतलब 'स'से संपत्ति और 'प' से परिवारवाद है। बैंक घोटाले का जिक्र करते हुए यादव ने कहा, 2017 में नोटबंदी करके आपके पैसे को बैंकों में जमा करवा लिया, बाद में बैंकों से बड़े बड़े उद्योगपति पैसा लेकर भाग गए। आपके बैंक में जमा पैसे की चोरी हो गई। अभी कुछ दिन पहले एक उद्योगपति 28 बैंकों का 22 हजार करोड़ से ज्यादा रूपये लेकर भाग गया।



# 13 वर्ष बाद अहमदाबाद-2008 सीरियल धमाके में 11 दोषियों को उम्रकैद, 38 को फांसी

### धमाके में 56 की मौत और 200 से ज्यादा घायल हो गए थे

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में 2008 में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में विशेष अदालत ने शुक्रवार को दोषियों की सजा का ऐलान कर दिया है। कोर्ट ने वॉर अगेंस्ट स्टेट और राजद्रोह के मामले में 38 को फांसी की सजा सुनाई गई है। वहीं, 11 दोषियों को यूएपीए के तहत उम्रकैद की सजा दी गई। हाल ही में अदालत ने एक दशक से ज्यादा लंबे सयय तक चले ट्रायल के बाद 49 लोगों को दोषी करार दिया था। जबकि, 28 लोगों को बरी कर दिया था। 26 जुलाई 2008 में हुए धमाके में 56 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 200 से ज्यादा घायल हो गए थे।

न्यायाधीश एआर पटेल ने गुजरात के सबसे बड़े शहर में हुए 21 सिलसिलेवार धमाकों में आरोपी 28 लोगों को संदेह का लाभ देते हुए बरी




कर दिया था। अदालत ने जिन लोगों को दोषी करार दिया है उनमें सफदर नागोरी, जावेद अहमद और अतीकुर रहमान भी शामिल हैं। निचली अदालत ने धमाकों के करीब 13 साल बाद फैसला सुनाया था और मामले में 77 अभियुक्तों के खिलाफ सुनवाई पिछले साल सितंबर में पूरी कर ली थी। विशेष लोक अभियोजक अमित पटेल ने बताया था कि अदालत ने 49 अभियुक्तों को गैरकानूनी गतिविधि (निषेध) अधिनियम की धारा-16, जो आतंकवाद से जुड़ा है और अन्य प्रावधानों, भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या), धारा-120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी करार दिया है।

उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष ने जोर दिया कि यह आतंकवादी गतिविधि है और अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान 547 अरोप पत्र दाखिल किए गए और 1,163 गवाहों को पेश किया गया। उन्होंने कहा, 'अदालत ने 28 अभियुक्तों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। फैसले को पढ़ने के बाद विस्तृत जानकारी मिलेगी जिसे उन्होंने अबतक नहीं देखा है।' पटेल ने बताया कि बरी किए गए अभियुक्तों में मोहम्द इरफान, नासिर अहमद और शकील अहमद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अदालत की कार्यवाही के दौरान अभियुक्तों को विभिन्न कारागारों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया गया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि सजा पर सुनवाई होने के दौरान भी अभियुक्त वीडियो कांफ्रेस के जरिये अदालत की कार्रवाई में शामिल होंगे। अहमदाबाद में हुए धमाकों के तार प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिदीन (आईएम)से जुड़े हुए थे और दिसंबर 2009 में कुल 78 लोगों के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई थी। बाद में एक आरोपी के सरकारी गवाह बन जाने के बाद कुल अभियुक्तों की संख्या 77 रह गई। पुलिस ने दावा किया था कि हिजबुल मुजाहिदीन और, प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के कट्टरपंथी धड़े से जुड़े लोग इन धमाकों में शामिल हैं।

## चीन में बनी टेस्ला कारें भारत को नामंजूर : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी




**नई दिल्ली।** भारत में मेड इन चाइना उत्पादों को लेकर सरकार काफी सख्त रुख अपना रहा है अब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को एक बार फिर से साफ किया और कहा कि भारत में टेस्ला का स्वागत है, लेकिन अगर वे चाहते हैं कि चीन में कारें बनाकर यहां बेचें, तो यह देश के लिए ठीक नहीं है। उनसे टेस्ला की टैक्स में छूट की डिमांड और भारत में एंट्री के बारे में पूछा गया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब भी लोग मुझसे मिलते हैं, मैं उन्हें बताता हूं कि भारत एक बड़ा बाजार है और जो यहां नहीं हैं, वे मौका खो रहे हैं। एक फैक्ट ये है कि पहले से ही बीएमडब्ल्यू, हुंडई, टोयोटा ये सभी कंपनियां अच्छी क्वालिटी के साथ आ रही हैं और रिसर्च कर रही हैं। यहां तक कि टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी भारतीय कंपनियां नए रिसर्च पर काम कर रही हैं। नई टेक्नोलॉजी से बिजली को ईंधन के रूप में यूज किया जा रहा है। उन्होंने इस दौरान इथेनॉल के इस्तेमाल और ग्रीन एनर्जी पर भी अपनी राय जाहिर की। उन्होंने कहा कि ऑटो कंपनियां फ्लेक्स इंजन पर काम कर रही हैं। इससे इथेनॉल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल होगा। यह किसानों के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। हमारा फोकस हर सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा जॉब क्रिएट करने पर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2022) में पहले ही यह साफ कर दिया है। दरअसल दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला भारत सरकार से इम्पोर्ट ड्यूटी पर छूट की मांग कर रही है। कंपनी चाहती है कि वह पूरी तरह से तैयार कारें भारतीय बाजार में इम्पोर्ट करे। भारत में अभी ऐसे इम्पोर्ट पर 100 फीसदी टैक्स लगता है।

## खास खबर

### उड़मड़ सीट से नाई और पेड़ काटने वाले मजदूर भी लड़ रहे चुनाव

**होशियारपुर।** पंजाब की उड़मड़ विधानसभा सीट से एक नाई और पेड़ काटने वाला इस भावना से चुनाव लड़ रहे हैं, कि अगर वे जीत गए,तब बेसहारा लोगों की आवाज उठाकर उनके कल्याण के लिए काम करने वाले है। बैंस अवान गांव के निवासी बलजीत सिंह (31) पेशे से नाई हैं और वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। सिंह ने कक्षा सात तक की पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्होंने अपने सैलून से छुट्टी ली है। सिंह प्रति माह आठ हजार रुपये कमाते हैं। वह प्रतिदिन सुबह अपने घर से निकलते हैं, प्रचार करने के बाद देर शाम घर लौटते हैं। सिंह ने कहा कि उनके चुनाव प्रचार का खर्च उनके समर्थक उठा रहे हैं।उन्होंने कहा कि वह समाज के निचले तबके के लोगों की आवाज उठाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह पेड़ काटने का काम करने वाले हरजिंदर सिंह लकड़ी के एक कंट्रेक्टर के पास दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। हरजिंदर (44) नांगल गांव के निवासी हैं और उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई की है। नेशनलिस्ट जस्टिस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हरिजंदर ने बताया कि वह महीने के 10 हजार से 15 हजार रुपये कमाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह चुनकर आए,तब मजदूरों, किसानों और दिहाड़ी पर काम करने वालों के जीवन में बदलाव लाएंगे। उड़मड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के वर्तमान विधायक संगत सिंह गिलजियां, बसपा के उम्मीदवार लखविंदर सिंह, आम आदमी पार्टी के जसवीर सिंह राजा गिल और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के मंजीत सिंह दसुया सहित नौ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### श्रीनगर में सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड अटैक, एक पुलिसकर्मी घायल, 2 दुकानें क्षतिग्रस्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शुक्रवार को आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर ग्रेनेड अटैक किया। इस हमले में एक सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गया है। मामला श्रीनगर के ख्वाजा बाजार इलाके का है। हमले के तुरंत बाद ही सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर कर सर्च अभियान शुरू किया। श्रीनगर के ख्वाजा बाजार नौहट्टा इलाके में आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड फेंका। इस घटना में दो दुकानों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेनेड से हुए विस्फोट में एक सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गया और उसे मामलू चोटें आई हैं। इससे पहले आतंकवादियों ने बांदीपोरा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की संयुक्त पार्टी को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड हमला किया था। इस हमले में जम्मू कश्मीर पुलिस का एक जवान शहीद हो गया था, जबकि अन्य 4 जख्मी हुए थे। अधिकारियों ने बताया था कि बांदीपोरा में निशात पार्क के निकट आतंकवादियों ने बीएसएफ की संयुक्त पार्टी पर ग्रेनेड फेंका। ग्रेनेड विस्फोट के बाद गोलीबारी भी हुई। इस हमले में कम से कम चार पुलिसकर्मी जख्मी हुए।

### लालू के जेल जाने से आहत हैं जीतनराम मांझी नीतीश के काम पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जाहिर की है। इसबार उन्होंने मीडिया के सामने अपनी इच्छा को प्रकट किया है। इससे पहले मांझी 9 महीने के लिए राज्य की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें दोबारा मौका मिलेगा तो वे चूकेंगे नहीं और बिहार का विकास करेंगे। यह बातें उन्होंने गया के इमामगंज में संत शिरोमणि रैदास जयंती समारोह में कही सीएम नीतीश कुमार के विकास पर सवाल उठाते हुए मांझी ने कहा कि उन्हें नालंदा का विकास करने के लिए 17 साल का वक्त मिला। मुझे गया का विकास करने को केवल सात महीने मिले। जब मुझे मौका मिला तो हमने किसी से कम काम नहीं किया। जब उनसे पूछा गया कि कया वे दोबारा सीएम बनना चाहें तो तो उन्होंने हामी भरी। मांझी ने कहा कि उन्हें 2014 में 9 महीने के लिए मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला था तो उन्होंने विकास के कई काम किए। यदि दोबारा मौका मिलेगा तो विकास के और काम करेंगे।

# उत्तर प्रदेश और पंजाब में थमा चुनाव प्रचार का शोर निर्वाचन आयोग ने जारी किए सख्त दिशा-निर्देश




**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश और पंजाब में 20 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार शाम को छह बजे प्रचार थम गया। मालूम हो कि यूपी में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए तीसरे चरण में 16 जिलों की 59 विधानसभा सीटों पर 20 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। 20 फरवरी को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होने वाले मतदान में 2.16 करोड़ वोटर 627 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। वहीं पंजाब की 117 सीटों के लिए 20 फरवरी को होने जा रहे मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से कई निर्देश जारी किए गए हैं।

### यूपी में 16 जिलों की 59 सीटों पर मतदान

तीसरे चरण में 20 फरवरी को यूपी की 16 जिलों की 59 सीटों पर मतदान होगा। इन 16 जिलों में कन्नौज, इटावा, औरैया, हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात, कानपुर नगर, ललितपुर, जालौन, झांसी, हमीरपुर, एवं महोबा शामिल हैं।

### यूपी में इन दिग्गजों की किस्मत का फैसला

यूपी में तीसरे चरण के चुनाव में कई सियासी दिग्गजों की किस्मत दांव पर है। इसमें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, शिवपाल सिंह यादव, योगी सरकार के मंत्री सतीश महाना, नीलिमा कटियार, राम नरेश अग्निहोत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### यूपी में यह रहा है इतिहास

यूपी में तीसरे चरण के विधानसभा चुनाव की बात करें तो साल 2017 में सपा को इन जिलों से मात्र आठ सीटें मिली थीं। वहीं दूसरी ओर भाजपा को 49 सीटें मिली थीं। साल 2012 में सपा को 37 सीटें जबकि भाजपा को 08 सीटें मिली थीं। बसपा को साल 2017 में 01 जबकि 2012 में 10 सीटें मिली थीं।

### पंजाब में सख्त दिशा-निर्देश

पंजाब की 117 सीटों के लिए चुनाव प्रचार थम गया है। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. एस करुणा राजू ने 20 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## यूक्रेन को अंदर से कमजोर कर रहा रूस! 24 घंटे में 300 धमाके, विद्रोहियों ने उठाए हथियार

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन में तनावपूर्ण सीमा पर बृहस्पतिवार को भारी गोलाबारी हुई, संघर्ष विराम की निगरानी कर रहे ड्रोन जीपीएस का सिग्नल जाम होने पर भटक गये और मोबाइल फोन का नेटवर्क भी चला गया। रूस समर्थित अलगाववादियों ने यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ जिस इलाके में वर्षों लड़ाई लड़ी है, वहां शांति कायम रखने की जिम्मेदारी संभाल रहे अंतराष्ट्रीय निगरानीकर्ताओं के एक समूह ने बृहस्पतिवार को 24 घंटे में 300 से ज्यादा विस्फोट होने की बात कही है। यह संख्या पिछले महीने की तुलना में करीब चार गुणा अधिक है।



उधर, पूरा विश्व, यूक्रेन की सीमा के पास रूसी सैनिकों के जमावड़े पर करीबी नजर रखे हुए है। इस बीच पश्चिम देशों के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अशांत पूर्वी हिस्से से चिंगारी भड़क सकती है। हाल के हफ्तों में अमेरिका ने कहा है कि यह टकराव रूस को सीमा पार करने का बहाना दे सकता है। स्तेनीत्सीय लुशांका गांव में बृहस्पतिवार को गोलाबारी हुई। यूक्रेन के एक सैन्य कमांडर ने कहा कि इस हमले में तीन लोग घायल हो गये और आधे गांव की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। एक गोला एक किंडरगार्टन में जाकर गिरा जिससे दीवार में छेद हो गया। एक अन्य गोले से स्कूल के अहाते में गड्ढा हो गया और आसपास के घरों की खिड़कियों के कांच टूट गए।

स्कूल की निदेशक ओलेना यारयाना ने बताया, हमने कांच टूटने की आवाज सुनी, जिससे बच्चे काफी डर गए और कुछ बच्चों ने तुरंत रोना शुरू कर दिया। धमाके अगले बीस मिनट तक जारी रहे। यूरोप में सुरक्षा एवं सहयोग संबंधी संगठन के निगरानीकर्ताओं के मुताबिक एक दिन में संघर्ष विराम उल्लंघन की करीब 600 घटनाएं हुई है। उनके मुताबिक जीपीएस सिग्नल जाम हो जाने पर उनके तीन ड्रोन भटक गये। मोबाइल फोन का नेटवर्क भी चला गया। पूर्वी यूक्रेन में रूसी मूल के लोगों की अच्छी खासी आबादी है। यहां लंबे समय से विद्रोह रहा है और इसी के चलते रूस यूक्रेन में अपने लिए उम्मीदें देख रहा है।

## भाजपा की नीतियों के आगे नहीं झुकने की वजह से लालू पर किए जा रहे हमले : प्रियंका

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में बिहार विधान परिषद के चुनाव को लेकर भले ही राजद और कांग्रेस के बीच तनातनी देखने को मिली हो, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व और राजद प्रमुख लालू प्रसाद बीच रिश्ते अब भी अच्छे हैं। यह बात हाल में ही तब सामने आई जब लालू प्रसाद को चारा घोटाला के एक मामले में दोषी करार दिया गया और कोर्ट ने उन्हें जेल भेजने का निर्देश दिया। इस पर प्रतिक्रिया करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भाजपा की राजनीति के सामने नहीं झुकने के कारण बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर हमले किए जा रहे हैं। ज्ञात हो लालू प्रसाद यादव को 21 फरवरी को सजा सुनाई जाएगी। इन सबके बीच



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लालू के समर्थन में एक ट्वीट किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की राजनीति के सामने नहीं झुकने के कारण बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर हमला किया जा रहा है। इसके साथ ही कांग्रेस महासचिव ने उम्मीद जताई कि लालू प्रसाद को न्याय मिलेगा। अपने ट्वीट में प्रियंका ने लिखा कि भाजपा की राजनीति का यह अहम पहलू है कि जो भी उनके सामने झुकता नहीं है, मुझे आशा है कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। आपको बता दें कि सीबीआई की विशेष अदालत ने सुबह डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपए की अवैध निकासी से जुड़े चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले आरसी 47ए/96 में लालू प्रसाद यादव समेत 41 आरोपियों को मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए जेल भेजने का निर्देश दिया था तथा इनकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अब 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

# दूसरे टी-20 के साथ ही सीरीज जीतने के लिए उतरी टीम इंडिया

**कोलकाता** । टीम इंडिया शुक्रवार को यहां मेहमान टीम वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में भी हराकर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले मैच को जीतकर इस सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की है , जिसे वह और बढ़ाना चाहेगी। कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को हर क्षेत्र में पीछे छोड़ा है। ऐसे में वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम अब तब खेल के हर क्षेत्र में पीछे रही है। कप्तान कीरोन पोलार्ड की इंडीज टीम इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। वैसे भी टी20 उसका पसंदीदा प्रारुप रहा है। भारतीय टीम की बल्लेबाजी की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ईशान किशन के साथ टीम को आक्रामक शुरुआत दी थी। ईशान पहले मैच में तेजी से रन नहीं बना पाये थे , इसलिए उन्हें इस मैच में



बेहतर तैयारी के साथ उतरना होगा। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली को भी इस मैच में बड़ी पारी खेलनी होगी। विराट पहले मैच में 13 गेंद में 17 रन ही बना पाये थे। भारत ने पहले मैच में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को अवसर दिया था पर वह क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गये थे। ऐसे में इस मैच में उनका खेलना संदिग्ध नजर आता है। अगर वह बाहर होते हैं तो बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अवसर मिला सकता है। वहीं अगर वेंकटेश पफिट रहते हैं तो उनका खेलना तय है क्योंकि कप्तान रोहित का मानना है कि आगामी विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टीम को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की जरुरत है।

वहीं पहले मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान तेज गेंदबाज दीपक चाहर को दाएं हाथ में चोट लगी थी जिसके कारण उनका खेलना भी इस मैच में संदिग्ध है। पहले मैच में पदार्पण के साथ ही लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन किया था जिसे वह जारी रखना चाहेंगे। दूसरी ओर इस दौरे में लगातार हार का सामना कर रही कप्तान कीरोन पोलार्ड की वेस्टइंडीज टीम इस मैच में अपनी पूरी ताकत लगा देगी। टीम उम्मीद करेगी कि चोटिल तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेसन होल्डर इस मैच के लिए फिट हो जाएं। वह पहले मैच से बाहर थे। टीम को इसके अलावा पहले मैच में शानदार अर्धशतक लगाने वाले निकोलस पूरन से इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स भी पहले मैच में विफल रहे। पहले मैच में इंडीज बल्लेबाजों को बिश्नोई की गेंदों को खेलने में परेशानी आई थी। अब देखना है कि वह इस मैच में किस प्रकार बिश्नोई का सामना करते हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार है

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, अवेश खान, हर्षल पटेल, रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा, कुलदीप यादव और हरप्रीत बरार।

**वेस्टइंडीज** : कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरन, फैबियन एलेन, डेरेन ब्रावो, रोस्टन चेज, शेल्डन कॉटरेल, डोमीनिक ड्रेक्स, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रेंडन किंग, रोवमैन पावेल, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, काइल मायर्स और हेडन वॉल्श जूनियर।

## न्यूज़ ट्रैक....

### सानिया और लूसी दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचीं

**दुबई** । भारत की सानिया मिर्जा और उनकी जोड़ीदार चेक गणराज्य की लूसी हरादेका दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। सानिया ओर लूसी ने क्वार्टर फाइनल में जापान की शुको ओयामा और सर्बिया की एलेक्सांद्रा क्रुनिच की जोड़ी को सीधे सेट में 7-5 6-3 से हराया। इस टूर्नामेंट के लिए सानिया और लूसी को वाइल्ड कार्ड मिला था। अब सेमीफाइनल में सानिया और लूसी का सामना जापान की एना शिबाहारा और चीन की शुआई झेंग की जोड़ी और युक्रेन की ल्युडमाला किचेनोक और लात्विया की येलेना ओस्टापेंको की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता जोड़ी से होगा। सानिया का यह अंतिम सत्र है। ऐसे में वह जीत से इस टूर्नामेंट का समापन करना चाहेंगी।

### जोकोविच का दुबई पहुंचने पर भव्य स्वागत

**दुबई** । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच के यहां पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच कोरोना टीकाकरण नहीं कराने के कारण पिछले कुछ समय से विवादों में रहे हैं। इसी कारण वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी नहीं खेल पाये हैं। जोकोविच दुबई पहुंचने के बाद हुए स्वागत से उत्साहित नजर आये और दुबई एक्सपो में भी पहुंचे। जोकोविच यहां ड्यूटी फ्री टेनिस चैम्पियनशिप खेलेंगे। उन्होंने एक्सपो 2020 में सर्बियाई पवेलियन का भी दौरा किया और इस दौरान प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। इसके अलावा पवेलियन में बाल शिक्षा के लिये उनकी चैरिटी जोकोविच फाउंडेशन के लिए एक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

### आजम को मैदान पर डांटते नजर आये अकरम

**कराची** । पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टीम कराची किंग्स पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में अब तक नाकाम रही है। टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीती है। उसे अपने सभी आठ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही कराची किंग्स की टीम नॉकआउट दौर से भी बाहर हो गई। बुधवार को टी20 लीग के एक मुकाबले में उसे मुल्तान सुल्तान ने सात विकेट से हरा दिया। पाक के पूर्व कप्तान वसीम अकरम इस टीम के अध्यक्ष हैं , इसलिए टीम के खराब प्रदर्शन से वह बेहद नाराज दिखे। मैच के दौरान ही वह कप्तान बाबर आजम को डांटते भी दिखे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इससे प्रशंसक भी नाराज दिखे। वीडियो में दिखा की अकरम और आजम के बीच गुस्से में बात हो रही है। इसके बाद प्रशंसकों ने उन्हें ट्रोल कर दिया।

### हर्षल को मेहनत का फल मिला है

**मुम्बई** । पूर्व कप्तान सुनील सुनील गावस्कर आईपीएल नीलामी में हर्षल पटेल जैसे युवा तेज गेंदबाज को बड़ी रकम मिलने से खुश हैं। गावस्कर के अनुसार इस तेज गेंदबाज को अब उनकी मेहनत का फल मिला है। गावस्कर ने हर्षल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आईपीएल नीलामी में हर्षल पर खर्च की गई राशि सही है। वह मैच पलटने में सक्षम गेंदबाज है।



बीजिंग में महिलाओं के स्कीइंग मुकाबले में भाग लेती हुई खिलाड़ी।

### भारतीय टीम के पूर्व फुटबॉलर सेनगुप्ता का निधन

**कोलकाता** । भारतीय टीम के पूर्व फुटबॉलर सुरजीत सेनगुप्ता का कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया है। सेनगुप्ता 71 साल के थे और कोविड-19 संक्रूमण के कारण पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। वह 1970 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम में भी शामिल थे। गौरतलब है कि कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद सेनगुप्ता को 23 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पिछले हफ्ते से वेंटीलेटर पर थे। उन्होंने गुरुवार दोपहर में अंतिम सांस ली। सेनगुप्ता ईस्ट बंगाल की ओर से मिडफील्डर के तौर पर खेलते थे। उनके समय में ही टीम ने 1970 से 1976 के बीच लगातार छह बार कलकत्ता फुटबॉल लीग का खिताब जीतने के अलावा छह बार आईएफए शील्ड और तीन बार डूरंड कप का खिताब जीते थे। उनका जन्म 30 अगस्त 1951 को हुआ था और उन्होंने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत किदरपोर क्लब के साथ की।







# भूत की बात करने पर डर जाती हैं हिबा नवाब



अभिनेत्री हिबा नवाब धारावाहिक जीजाजी छत पर कोई है' का हिस्सा हैं, जो एक डरावनी शो है। इसको लेकर अभिनेत्री का कहना है कि वह हमेशा से ऐसी रही हैं, जो असामान्य गतिविधि से सावधान रहती हैं और इस शो ने उसके डर पर काबू पाने में मदद की है। उन्होंने आगे कहा, जब भी भूतों की बात होती है या कुछ रहस्यमय होता है, तो मैं इससे बाहर रहना पसंद करती हूं। जब मैं भूतों और डरावना चीजों के बारे में बात करती हूं तो मैं बहुत डर जाती हूं और बेहोश हो जाती हूं। शायद, इसलिए मैं दोहरी भूमिका निभाने का आनंद ले रही हूं। साया ने जीजाजी छत पर है कोई में मेरे डर को खत्म करने की कोशिश की है। हिबा का कहना है, उन्हें अंधेरे में सोने से भी डर लगता है। मुझे एक घटना याद है जब मैं घर पर बिलकुल अकेली थी। मैं 3 बजे तक एक शो को देखती रही। मैं लाइट बंद करने से भी डर रही थी और महसूस कर रही थी कि दालान में कोई है। मुझे यकीन है कि यह सिर्फ मेरा डर था, लेकिन मैं कभी भी लाइट बंद करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। बाल कलाकार के रूप में काम कर चुकीं अभिनेत्री हिबा नवाब बरेली की है. उसने 11 साल की उम्र में अभिनय शुरू किया और डेढ़ साल काम करने के बाद वापस बरेली चली गयीं और 16 साल की उम्र में वापस मुबई एक शो 'क्रेजी स्टुपिड इश्क' के साथ आई और अब तक अभिनय कर रही हैं. उनके काम में सहयोग दिया उनके पिता डॉ. नवाब अली ने, क्योंकि उन्हें भी अभिनय पसंद है. हिबा को हर नया चरित्र और उनकी चुनौती बहुत अच्छा लगता है. हिबा किसी भी शो में काम करने से पहले अपनी भूमिका और ग्रो करने के मौके को देखती हैं. सोनी सब टीवी पर उनकी शो जीजाजी छत पर कोई है में डबल रोल कर रही है मैं दिल्ली की एक लड़की सी पी यानि कनाट प्लेस की भूमिका निभा रही हूं, जो बहुत ही कलर फुल, शरारती, चुलबुली और परिवार को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव है. वह परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. इसमें मैं डबल रोल में हूं।

## बीग बी के साथ काम कर मैंने एक उपलब्धि हासिल की: इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि आगामी थ्रिलर 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन साझा करना उनके करियर की



बड़ी उपलब्धि है। इमरान कहते हैं, मुझे ऐसा लगा जैसे इंतजार खत्म हो गया है। हम अमिताभ बच्चन सर को देखकर बड़े हुए हैं और इंडस्ट्री में हर कलाकार उनके साथ काम करने की इच्छा रखता है। अभिनेता ने कहा कि बिग बी ने उनके लिए अनुशासन की भावना को प्रेरित किया है। अमिताभ बच्चन सर के अनुशासन को पांच दशकों से अधिक समय तक उद्योग में रहने के बाद भी देखना आश्चर्यजनक है। हमारा उद्योग बहुत अनुशासन-आधारित नहीं है, जिससे कई बार थोड़ी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने मुझे प्रेरित किया है। वह समय के पाबंद हैं, हमेशा समय पर सेट पर पहुंचते हैं। यह एक प्रथा है, जिसका उन्होंने हमेशा पालन किया है। चेहरे का निर्देशन रूमी जाफरी ने किया है और इसमें रिया चक्रवर्ती, क्रिस्टेल डिसूजा, अन्नू कपूर, धृतिमान चटर्जी, रघुबीर यादव और सिद्धांत कपूर भी हैं। फिल्म 9 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

## सान्या मल्होत्रा की पगलैट का ट्रेलर हुआ रिलीज



बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा की अपकमिंग फिल्म पगलैट का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 26 मार्च पर रिलीज होगी। ये फिल्म भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती एक कहानी है जो एक मिडिल क्लास परिवार को एड्रेस करती है। इस फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर अब तक 9 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। फिल्म के ट्रेलर में सान्या, संध्या के किरदार में हैं, जिसके पति की मौत हो गई है, लेकिन जहां उसके आसपास हर कोई दुखी है, वहीं संध्या इतनी बड़ी ट्रेजडी के बाद भी दुखी नहीं है। ट्रेलर देखकर आपको भी इस बात की हैरानी होगी, लेकिन कहानी में तब बड़ा बदलाव आता है, जब संध्या को 50 लाख रुपये मिलने वाले होते हैं, जो उसके पति ने जीवन बीमा करवाया था और नॉमिनी में सिर्फ अपनी पत्नी का नाम डाला था। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सान्या ने कहा था कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं।

# परिणीति ने मुझे फिर से थप्पड़ मारा : अर्जुन कपूर



अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा साल 2012 में आई फिल्म इश्कजादे में पहली बार साथ नजर आए थे और इस बार इनकी जोड़ी अगली फिल्म संदीप और पिंकी फरार में साथ नजर आने वाली है। इस फिल्म के ही एक दृश्य में परिणीति ने अर्जुन को थप्पड़ मारा है। दिबाकर बनर्जी की इस फिल्म में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर गौर फरमाया गया है। अर्जुन ने कहा, महिलाओं के प्रति हिंसा का मुद्दा मेरे जैसे किसी इंसान के लिए बेहद गंभीर है, जो महिलाओं से घिरे एक माहौल में रहकर बड़ा हुआ है। मेरा यह मानना है कि जब आप किसी किरदार को निभाते हैं, तो आपको अपने निजी जीवन से बाहर निकलने की जरूरत पड़ती है, क्योंकि आपको किसी भूमिका को निभाने के लिए ही परियोजना में शामिल किया गया है। ऐसे लोग भी हमारे समाज में है, यह दिखाना पड़ता है। फिल्म के बारे में उन्होंने आगे बताया, मुझे इस फिल्म में भी परिणीति ने थप्पड़ मारा है जैसा कि इश्कजादे में मारा था। लेकिन ऐसा किसी दबाव में रहकर नहीं हुआ है, क्योंकि आपने स्क्रिप्ट पढ़ रखी है। किरदार को लेकर जो मांग है उसे समझा है, स्थितियों को जाना है और फिर कहीं न कहीं आप भावनात्मक रूप से उस किरदार के साथ जुड़ जाते हैं।



# गदर : एक प्रेम कथा के सीक्वल में सनी देओल का ऑनस्क्रीन बेटा मचाएगा गदर!

साल 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा में सनी देओल, अमीषा पटेल और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब खबर आ रही हैं कि इस फिल्म का सीक्वल बनने वाला है। इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बीच एक लवस्टोरी सुनाई गई थी। इस फिल्म में अमरीश पुरी के गुस्से से लेकर सनी देओल का धमाकेदार एक्शन और अमीषा के साथ उनकी जोड़ी तक सबकुछ खूब पसंद किया गया था।

रिपोर्ट की मानें तो फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा इस पीरियड ड्रामा फिल्म का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस



रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि गदर के मेकर्स ने इस सीक्वल के लिए प्लॉट प्वाइंट्स तैयार कर रहे हैं औ अब स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया- सनी देओल और अमीषा पटेल इस फिल्म का हिस्सा होंगे। डायरेक्टर के बेटे उत्कर्ष जिन्होंने ऑरिजनल फिल्म में सनी और अमीषा के बेटे जीता का किरदार निभाया था, वो इसके सीक्वल के लीड होंगे। बता दें कि उत्कर्ष ने इससे पहले 2018 में बॉलीवुड में फिल्म जीनियस से एंट्री ली थी। इस रिपोर्ट में डारेक्टर अनिल शर्मा से बात भी की गई है।

## रणदीप हुड्डा ने शुरू की वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' की शूटिंग

ओटीटी पर कई जबरदस्त वेब सीरीज और फिल्मो को लेकर चर्चा सामने आती ही रहती है। आज के वक्त में ओटीटी एक बहुत ही चर्चित माध्यम बन गया है। वही बॉलीवुड के कई कलाकार अब ओटीटी पर भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने के लिए तैयार नज़र आ रहे है। उनकी कलाकार में से एक है रणदीप हुड्डा। रणदीप हुड्डा बॉलीवुड के दमदार कलाकारों में से एक है अपनी जबरदस्त एक्टिंग के चलते उन्होंने हर किसी के दिल में एक अलग ही जगह बना रही है। इन दिनों रणदीप हुड्डा अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' को लेकर काफी चर्चा में नज़र आ रहे है। वही इस किरदार को निभाने के लिए रणदीप काफी मेहनत भी करते हुए नज़र आ रहे है। इस वेब सीरीज में रणदीप के साथ उर्वशी रौतेला भी नज़र आने वाली है। वही अब इस वेब सीरीज की शूटिंग के लिए रणदीप अब चम्बल पहुंच गए है। चम्बल में रणदीप कुछ दिनों तक इस वेब सीरीज की शूटिंग करेंगे। वही हाल ही में रणदीप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की जिसमे रणदीप का लुक काफी जबरदस्त नज़र आ रहा है। इस वेब सीरीज का निर्देशन नीरज पाठक कर रहे है। अब देखना होगा की इस वेब सीरीज में क्या कुछ नया देखने को मिलता है।



# कृष्णा मुखर्जी बचपन से ही नागिन का किरदार निभाना चाहती थी



एकता कपूर के सीरियल नागिन 5 के बाद 'कुछ तो है-नागिन एक नए रंग में' शो शुरू हुआ है. इस शो में कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है. मुख्य भूमिका में कृष्णा मुखर्जी हैं जो प्रिया सिंघानिया का किरदार निभा रही हैं. इस बार प्रिया को पता चल गया है कि उसकी मां कौन है? उसके पास इतनी शक्तियां कहां से आ रही हैं. और फिर कुछ ऐसा होता है कि उसकी जिंदगी ही बदल जाती है. खैर.. लुधियाना में जन्मी कृष्णा बचपन से ही नागिन का किरदार निभाना चाहती थी. कृष्णा मुखर्जी ने अपने करियर की शुरूआत झली अंजली शो से की थी. जिसमें इन्होंने शीना का रोल किया था. उसके बाद कृष्णा ने कई सीरियल में काम किया. बता दें, कृष्णा मुखर्जी पहले भी 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रही हैं हाल ही में कृष्णा ने नागिन लुक की तस्वीरें शेयर की हैं जो काफी वायरल हो रही हैं. बता दें टीवी सीरियल 'कुछ तो है' एकता कपूर के सुपरनैचुल टीवी शो का स्पिन-ऑफ है. लोग इस शो को पसंद कर रहे हैं।

# आंवला के चमत्कारी फायदे जानकर आप भी दंग रह जायेंगे



आंवला बेहद गुणकारी है। इसलिए इसे हर मर्ज की दवा भी कहा जाता है। आंवला पाचन तंत्र से लेकर स्मरण शक्ति को दुरुस्त करता है। नियमित रूप से आंवले का सेवन करने से बुढ़ापा भी दूर रहता है। मधुमेह, बवासीर, नकसीर, दिल की बीमारी जैसी समस्याओं का इलाज आंवले में छिपा है। आइए हम आपको बताते हैं कि आंवला आपकी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है। ट्रिशन एक्सपर्ट की मानें तो एक आंवले में दो संतरे जितनी मात्रा में विटामिन सी मौजूद है। इसके अलावा, आंवले में पोलीफेनॉल्स, आयरन, जिंक, कैरोटीन, फाइबर, विटामिन बी कांप्लेक्स, कैल्शियम, एंटी ऑक्सिडेंट्स आदि अच्छी मात्रा में मौजूद हैं, जो दिमाग की कोशिकाओं को नष्ट होने से बचाते हैं और इसमें मौजूद नियोपाइनफ्राइन नामक तत्व मूड से जुड़ी क्रियाओं को नियंत्रित रखता है। जानिए, आंवले के ऐसे कई फायदों के बारे में, जो सेहत के लिए जरूरी हैं।

1. आंवले में ऐंटी ऑक्सीडेंट्स अच्छी मात्रा में होता है, जो कार्सिनोजेनिक कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है और कैंसर से बचाव करते है।
2. इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स रेटिना को ऑक्सीडाइज होने से बचाते हैं। इसके नियमित सेवन से मोतियाबिंद व रतौंधी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
3. इसमें फाइबर की अधिकता होती है। यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक को साफ रखता है और शरीर के टॉक्सिन दूर रखता है। इसका कसैला स्वाद पाचन ठीक रखने वाले एन्जाइम्स को सक्रिय रखता है, जिससे एसिडिटी नहीं होती है।
4. आंवला रक्त कोशिकाओं में फैट्स नहीं जमने देता है। इसके नियमित सेवन से मुहांसे और झुर्रियों की समस्या भी कम हो जाती है।



## महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं ये 5 एक्सरसाइज

अच्छी फिगर कौन नही चाहता है। आजकल महिलाएं और लड़कियां खुद की फिटनेस को लेकर काफी अवेयर रहती हैं। मगर सही मार्गदर्शन नही मिल पाने के कारण अपनी फिटनेस पर ध्यान नही दे पाती हैं। अगर आप भी अपनी बॉडी को बेहतर शेप देना चाहती हैं तो ये 5 एक्सरसाइज आपकी मदद करेंगी। इससे आप मानसिक और शारीरिक रूप से भी हमेशा स्वस्थ्य रहेंगी।

1. **एक्सरसाइज बॉल:** इसे करना बहुत आसान है। इसमें एक्सरसाइज बॉल का इस्तेमाल किया जाता है। इससे शरीर को पतला करने में बहुत ही सहायता मिलती है।
2. **तैराकी:** तैराकी केवल खेल ही नही है बल्कि यह बहुत ही अच्छा व्यायाम है। इससे हमारे पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। तैराकी करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है और दिन भर आप तनाव मुक्त रहते हैं।
3. **साइड प्लैंक:** यदि आप अच्छी अच्छा फिगर चाहती हैं तो साइड प्लैंक एक्सरसाइज आप के लिए बहुत ही लाभकारी है। इसे करने से शरीर के अलग-अलग अंगों पर प्रभाव पड़ता है और तेजी से फैट बर्न होता है। इसके द्वारा कंधा, सीने और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती है।

## भारतीयों की सुरक्षा

**सिद्धार्थ शंकर**

यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की तरफ से फ्लाइट्स नहीं मिलने को लेकर की जा रही शिकायत के बाद सरकार एक्टिव हो गई है। सरकार ने कोरोना वायरस के कारण एयर बबल एग्रीमेंट के तहत यूक्रेन आने-जाने के लिए सीमित फ्लाइट्स संचालित करने का प्रतिबंध हटा लिया है। इंडियन एविएशन मिनिस्ट्री ने कहा कि अब यूक्रेन के लिए एयरलाइंस कितनी भी फ्लाइट्स संचालित कर सकती हैं। साथ ही स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स भी ऑपरेट की जा सकती हैं। इससे पहले छात्रों की गुहार सुनते हुए केंद्र सरकार ने बुधवार को ही भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही यूक्रेन में मौजूद भारतीय दूतावास में भी स्पेशल कंट्रोल रूम बना दिए थे, जो यूक्रेन में मौजूद भारतीय नागरिकों की हर समस्या सुलझाने में मदद कर रहे हैं। यूक्रेन मसले को लेकर यूरोप में लगातार बेचैनी बढ़ती जा रही है। यूरोपीय यूनियन ने यूक्रेन स्थित दूतावास के गैर जरूरी कर्मचारियों को वापस देश लौटने के लिए कहा है। इटली के विदेश मंत्रालय ने अस्थायी तौर पर अपने नागरिकों को यूक्रेन छोडऩे के लिए कहा है। इसके अलावा डोनेट्सक, लुहान्सक और क्रीमिया क्षेत्र की यात्रा ना करने की सलाह भी दी है। तुर्की ने जरूरी ना होने पर नागरिकों को पूर्वी यूक्रेन ना जाने की सलाह दी है। नीदरलैंड्स और एस्टोनिया ने अपने नागरिकों को जल्द से जल्द यूक्रेन छोडऩे की सलाह दी है। आयरलैंड ने दूतावास के कर्मचारियों में कमी की है। विभिन्न देशों के यह अलर्ट बता रहे हैं कि रूस और यूक्रेन में तनाव कम होने की खबरें अभी पुख्ता नहीं हैं और कभी भी युद्ध भड़क सकता है। इस परिस्थिति में केंद्र सरकार का विमानों की आवाजाही पर लगा प्रतिबंध हटाना सही फैसला है। देखा जाए तो यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। चिंता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि यूक्रेन की राजधानी कीव में भारतीय दूतावास ने इस संकटग्रस्त देश में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों, खासतौर से छात्रों को वहां से चले जाने का परामर्श जारी कर दिया था। जाहिर है, भारतीय दूतावास हालात की गंभीरता को समझ रहा है। उसे भी लग रहा है कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ गई तो भारतीय नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकाल पाना आसान नहीं होगा। दूतावास की सलाह से साफ है कि जब तक हालात शांत नहीं हो जाते, तब तक वहां रहना जान को जोखिम में डालना है। हालांकि स्थितियां तो पहले से संकेत दे रही हैं कि यूक्रेन के लिए आने वाले दिन मुश्किल भरे होंगे। ऐसे में भारत सरकार की अपने नागरिकों को वहां से निकालने की पहल बिल्कुल सही समय पर की गई है। इससे भारत में अपने लोगों के लिए चिंतित लोगों को भी राहत मिलेगी। हालांकि ऐसे ही मुश्किल हालात में भारत ने पहले भी अपने लोगों को बचाया है। कुछ महीने पहले तालिबान के सत्ता हथियाने के बाद अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया था। इराक में इस्लामिक स्टेट के हमलों के बाद वहां से भारतीय नागरिकों को बचाया गया था। तीन दशक पहले जब इराक ने कुवैत पर हमला कर दिया था, तब भी वहां फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया था। इसमें कोई संदेह नहीं कि संकटग्रस्त हालात में दूसरे देशों में फंसे अपने नागरिकों को बचाने में भारत सरकार के पास खासा तजुर्बा और संसाधन हैं। यूक्रेन में 18 हजार से ज्यादा भारतीय छात्र हैं। वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की संख्या भी कम नहीं है।

# बेहद अलग से दिख रहे हैं 5 राज्यों के चुनाव

**ऋतुपर्ण दवे**



क्या पाँच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव वाकई देश की राजनीति में नया प्रयोग का रास्ता बनने जा रहे हैं। यूँ तो अब तक इस मिथक को तोड़ नहीं जा सका है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। काफी हद तक सही भी है। उत्तर प्रदेश के उत्तराखण्ड में बँट जाने के बाद भी हैसियत में किसी प्रकार की कोई कमीं नहीं आई। लेकिन राजनीतिक दलों के बनते, बिगड़ते समीकरणों से नया कुछ होने के आसार से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह तो सही है कि जीतेगा तो लोकतंत्र लेकिन सत्ता की कुर्सी पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में ऊँट किस करवट बैठेगा कहना मुश्किल जरूर है। देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाले अकेले उत्तर प्रदेश की हैसियत 10 मार्च को किस मोड़ पर होगी, अभी कयास ही हैं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के हालात काफी अलग हैं। सीधी टक्कर सत्ताधारी भाजपा व सहयोगियों तथा सपा व सहयोगियों के बीच है। बसपा और काँग्रेस मैदान में जरूर हैं पर रेस में दिखते नहीं। 2017 की तरह इस बार किसी लहर का कहर न होने से बाँकी दलों की आस बची हुई है। हाँ, इस बात से इंकार नहीं कि चुनावी नतीजे 2017 से इतर होंगे। उत्तर प्रदेश की सियासत का एक अलग मिजाज है। राजनीतिक दल उम्मीदवारों को स्थानीय उम्मीदों व जातीय आधार पर तय करते हैं। अगड़े-पिछड़े और दलित मतदाताओं की भूमिका की छाप सबसे ज्यादा यहीं दिखती है। वोट कटवा, बी पार्टी, डमी कैण्डिडेट और धार्मिक मुद्दों पर जैसी संवेदनशीलता उत्तर प्रदेश में दिखा करती है, वैसी दूसरे राज्य में उतनी नहीं। इस कारण भी इस बार के चुनाव काफी अलग हैं। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि अयोध्या विवाद निपटारे के बाद, तेजी से बन रहे राम मंदिर और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का वादा कि साल 2023 में गर्भ गृह में रामलला को विराजमान होंगे चुनाव में असर डालेगा। हिजाब का मसला भी ऐन चुनावों के वक्त भले ही सोची समझी चाल या महज इत्तेफाक हो लेकिन अलग ढ़ंग से भंजाने की कोशिशें होंगी। उत्तर प्रदेश के पहले चरण और दूसरे चरण के मतदान के बाद राजनीतिक दलों के दावे कुछ भी हों लेकिन नतीजों का पिटारा खुलने के बाद ही समझ आएगा कि उत्तर प्रदेश का देश की राजनीतिक धारा मे कैसा दबदबा बना।

उत्तराखण्ड की सभी 70 व गोवा की 40 सीटों के चुनाव भी 14 फरवरी को निपट जाएंगे। यहाँ चुनाव से ठीक पहले यहाँ भी हिजाब विवाद के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वादा कि भाजपा सरकार बनी तो शपथ ग्रहण के तुरंत बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कराने खातिर ड्राफ्ट कमेटी बनेगी जिसके दायरे में विवाह, तलाक, जमीन जायदाद व उत्तराधिकार के मामले भी शामिल होंगे, बड़ा राजनीतिक पैंतरा माना जा रहा है। भाजपा ने उत्तराखण्ड में बड़े-बड़े प्रयोग करते हुए चार साल के कार्यकाल में तीन मुख्यमंत्रियों बदले। धामी उनमें सबसे नए हैं। यहाँ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली और दिल्ली पैटर्न का प्रचार कर अपनी जड़ें जमाने तो काँग्रेस साख बचाने के लिए संघर्षशील दिखी। लेकिन सत्ता के संघर्ष को लेकर ज्यादा कुछ बदले ऐसा लगता नहीं। सुन्दर समुद्र तटों और एक अलग तरह के खुलेपन के लिए मशहूर गोवा में भाजपा के लिए चुनौती पेश करने की कोशिशें कितनी सफल या विफल होती हैं, नतीजे बताएंगे। लेकिन हाँ इतना जरूर है कि मनोहर पर्रिकर जैसे ईमानदार नेता की कमीं जरूर गोवा वासियों को टीसती रही। पहली बार टीएमसी की धमाकेदार एँट्री से राजनीतिक समीकरण शुरू में जरूर बदलते दिखे। लेकिन जल्द ही कइयों की रुखसती से बड़े करिश्मे की उम्मीद बेकार है। आम आदमी पार्टी भी यहाँ पूरी दमखम से चुनावी मैदान में दिखी जिसका फायदा तय है। लेकिन शिवसेना की गोवा में एँट्री और 10 सीटों पर उम्मीदवारी से सत्ता तक पहुँचने वालों को कितनी मशक्कत करनी पड़ेगी यह वक्त बताएगा। मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल के निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद पणजी सीट से शिवसेना ने उम्मीदवार वापस कर भविष्य के बड़े संकेत जरूर दे दिए हैं। काँग्रेस कहाँ होगी? क्या इस बार सत्ता तक पहुँच पाएगी, इस पर संदेह सभी को है। हाँ आत्मविश्वास से लबरेज अरविन्द केजरीवाल यहाँ भी दिल?ली सरकार का उदाहरण और सरकारी सेवाओं की डोरस?टेप डिलीवरी से भृष?टाचार के पूरी तरह खात?मे का भरोसा दिलाकर 24 घंटे फ्री बिजली देने का चुनावी वायदा कितना दमदार रहा यह मतपेटियों के खुलने के बाद दिखेगा। इस बार पंजाब की राजनीति एक त्रिकोण में जरूर फंसी दिखी। कैप्टेन अमरिंदर की काँग्रेस से विदाई और भाजपा से दोस्ती तो सिध्दू के अलग-अलग तेवरों बीच ऐन चुनाव से ठीक पहले दलित कार्ड खेलकर नए मुख्यमंत्री चन्नी को फिर से मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट करना पंजाब की राजनीतिक हवा का कितना रुख बदल पाएगा नहीं पता। वहीं आम आदमी पार्टी का भी भगवन्त मान को मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर मतदाताओं को लुभाना राजनीति में नया प्रयोग जरूर है। लेकिन लोकतंत्र से इतर है क्योंकि विधायकों के बने बिना ही हक छीनना बेजा लगता है। भाजपा और अकाली दल आज भले ही एक दूसरे के प्रतिद्वन्दी हों लेकिन दखल और धमक की अनदेखी करना बड़ी भूल होगी। पंजाब में सरकार किसी एक दल की होगी या फिर चुनावों के वक्त के बाद कट्टर विरोधी मिल जुलकर सत्ता में बैठेंगे देखने लायक होगा। लजीज पंजाबी डिशेज, मशहूर लस्सी के बीच ड्रग्स की सियासत से पंजाब की अलग बनती छवि का असर चुनावों पर असर दिख रहा है।

मणिपुर की 60 सीटों पर दो चरणों में 28 फरवरी और 5 मार्च को चुनाव होंगे। मणिपुर हिन्दू बहुल राज्य है और आखीर में चुनाव है। सो देश के नामी गिरामी चेहरों की शिरकत तय है। 28 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद काँग्रेस सत्ता से दूर रह गई। जबकि 21 सीटें जीत भाजपा ने स्थानीय दलों व विधायकों से गठजोड़ कर सत्ता हासिल कर ली। इस बार भाजपा गठबंधन की खास सहयोगी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की बगावत कितनी असरकारक होगी यह नतीजे बताएंगे लेकिन भाजपा के 19 असंतुष्टों को टिकट देकर चुनाव को रोचक जरूर बना दिया है। जबकि काँग्रेस ने सेक्युलर दलों को साथ लेकर नई रणनीति बनाई है। बीते चुनाव में केवल 3 विधायक कम होने के बावजूद फौरन निर्णय में विफल काँग्रेस से 10 सीटें पीछे रहने वाली भाजपा सरकार बना ले गई। क्या इस बार भी ऐसा ही कुछ कुछ या नया दिलचस्प होगा। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), नागा पीपुल्स फ्रण्ट (एनपीएस) के साथ ही वामपंथी खेमा भी पूरी तरह लामबन्द है जिससे चुनाव का एक अलग ही माजरा नजर आता है। हाँ इतना जरूर है कि यहाँ की राजनीतिक सोच अनप्रिडेक्टिबल यानी अप्रत्याशित होती है। क्या इस बार भी होगी? तो क्या माना जाए कि पाँच राज्य मिलकर देश में 2024 में बनने वाली नई सरकार की तकदीर की तदबीर लिखेंगे या फिर अकेले उत्तर प्रदेश से ही यह रास्ता हमेशा की तरह निकलेगा? इंतजार है 10 मार्च का, नतीजे कुछ भी हों अगले आम चुनावों के लिए जहाँ ये लिटमस टेस्ट तो होंगे ही वहीं मुमकिन है कि राजनीति की नई इबारत भी बनें।

## ईश्वर हमेशा भक्तों की सहायता करता है

ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्रों कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढ़े में गिर गये। गड्ढ़े से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढ़े से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छ सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था।

## शीर्षक देने के लिए आप स्वतंत्र हैं

**सुरेश हिंदुस्तानी**



जो व्यक्ति अपने द्वारा की जाने वाली गलतियों से सबक नहीं लेता, वह एक न एक दिन सफलता की सीढ़ियों से चूक जाता है। वर्तमान में ऐसा लगने लगा है कि देश की राजनीति इसी दिशा की ओर आगे बढ़ रही है। राजनीतिक दल कोई भी हो, सबके चिंतन में यही दिखाई देता है कि उनका स्वयं का राजनीतिक अस्तित्व कैसे बचा रह सके। इसके लिए राजनीतिक दल सही बात को भी गलत ठहराने के लिए चिंतन मनन करते दिखाई देते हैं। एक समय भ्रष्टाचार के बारे में यह आम धारणा बन चुकी थी कि अब राजनीतिक स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार को कोई रोक नहीं सकता। लेकिन अब धारणा बदली है। उत्तरप्रदेश में आज विपक्ष के पास यह कहने का नैतिक साहस दिखाई नहीं देता कि वह प्रदेश में गुंडागर्दी और अपराध को जड़ से समाप्त करेंगे, क्योंकि उन्होंने ऐसे कई लोगों को टिकट दिया है, जो इसी श्रेणी में आते हैं। ऐसे में वह किस मुंह से अपराध को समाप्त करने की बात कर सकते हैं। जबकि भाजपा की ओर से यह कहा ही नहीं जा रहा, बल्कि करके भी दिखाया है कि भाजपा अपराध को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। यही कारण है कि आज कोई भी भ्रष्ट अधिकारी उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री कार्यालय में कदम रखने का साहस नहीं कर सकता। ऐसी राजनीति देश के लिए बहुत जरूरी है। सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के बारे में अध्ययन किया जाए तो स्वाभाविक तौर पर यही लगता है कि कांग्रेस जिन गलतियों के कारण अपने पराभव को प्राप्त हुई है, वह उसकी स्वयं की देन है, लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस को अपनी उन गलतियों का आभास ही नहीं है, जो उसने की हैं। कांग्रेस के नेताओं को आज भी यही लगता है कि केवल वही सही है, बाकी सब गलत। इस प्रकार का चिंतन हमेशा आत्मघाती ही होता है, जिसका दंश कांग्रेस को भुगतना पड़ रहा है। आज कांग्रेस की स्थिति ऐसी है कि वह देश के कई राज्यों में स्वयं बल पर खड़ी भी नहीं हो सकती। उसे किसी न किसी सहारे की तलाश रहती है। उत्तरप्रदेश में पिछले विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस को इस बार किसी ने भी भाव नहीं दिया। इसके पीछे कारण यही है कि कांग्रेस के नेताओं की मानसिकता आज भी वैसी ही है, जैसी एक शासक की होती है। उसे लगता है कि सब उसके पीछे खड़े हों, लेकिन यह बड़ा सच है कि कांग्रेस की स्थिति अब वैसी नहीं रही कि सब उसके पीछे खड़े हो जाएं। ऐसी मानसिकता के चलते किसी को भी अपनी कमजोरियों का भान नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के बारे में राज्यसभा में जो कुछ भी व्यक्त किया है, वह प्रमाणित रूप से सच है, लेकिन सच को स्वीकार करने का नैतिक साहस कांग्रेस के पास नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगर देश में कांग्रेस न होती तो कश्मीर से हिन्दुओं को पलायन नहीं करना पड़ता। यह सच भी है, क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के कारण ही जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी ताकतों को बल मिला, उनको सरकारी सुविधाएं दी गईं। इतना ही नहीं सेना को भी पर्याप्त अधिकार नहीं दिए गए, इसी कारण पाकिस्तान और चीन से लगने वाली सीमाएं बहुत हद तक असुरक्षा के घेरे में थी। जहां तक राजनीति में वंशवाद की बात है तो यह कांग्रेस को स्वीकार करने का साहस दिखाना ही चाहिए कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, संजय गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अब प्रियंका गांधी केवल विरासत के आधार पर ही नेता बनी हैं। इसके अलावा उनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। इस परिवार के अलावा जो भी नेता कांग्रेस की कमान संभालने की स्थिति में आया, उसको न तो पर्याप्त सम्मान दिया गया और न ही उनकी मृत्यु के बाद सम्मान दिया गया।

पहले की सरकारों के पर भ्रष्टाचार के आरोप लगना एक सामान्य सी बात हो गई थी, लेकिन अब मोदी सरकार के बारे में कोई भी राजनीतिक दल कम से कम भ्रष्टाचार के आरोप लगाने का साहस नहीं कर सकता। एक बार राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है कहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला किया था। हालांकि इस अप्रमाणित आरोप के चलते राहुल गांधी को सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगनी पड़ी थी।

# नेताओं इस्तीफा बरसाओ चुनाव आया है

### सूडोकु नवताल- 5987

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5986 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

**प्रभुनाथ शुक्ल**



मौसम और राजनीति के जीन में कोई फर्क नहीं है। दोनों में काफी समानता है। तभी तो दोनों गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। कभी -कभी दोनों अपनी वफादारी को कूड़ेदान में डालकर बेईमान हो जाते हैं। तभी तो हिंदी के किसी फनकार ने मौसम की नब्ज पकड़ते हुए ठीक लिखा था...आज मौसम बड़ा बेईमान है...। वैसे भी पतझड़ के बाद बसंत का मौसम आता है। संयोग से अबकी चुनाव बसंत के मौसम में हो रहें हैं। लोकतंत्र में चुनावी मौसम हमारे राजनेताओं के लिए बसंत सरीखा होता है। यहां पतझड़ की तरह सत्ता की चाहत में नयी उम्मीदों के साथ दल और दिल बदले जाते हैं। एक दल से दूसरे दल में जाने वाले राजनेताओं का स्वागत कुछ इस तरह होता है ...बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है...।

लोकतंत्र में राजनीति और राजनेताओं के लिए चुनावी मौसम बेहद मुफीद होता है। पलक झपते ही आस्था, दल, दिल बदल जाते हैं। पतझड़ कि तरह त्यागपत्र या इस्तीफों की बारिश होने लगती है। किसी शायर ने इस पर सटीक गजल लिखी...नेताओं इस्तीफा बरसाओ चुनाव आया है...। जब तक सत्ता में रहते हैं तो सम्बंधित दल और उसकी विचारधारा को बीरगाथा यानी चारणकाल की भांति लिपिबद्ध करते है फिर रागदरबारी में मेघ मल्हार गाते हैं। सोशलमीडिया और मीडिया में अपने सियासी सुरमा की भक्ति में सारी हदों और सरहदों को तोड़ देते हैं। लेकिन चुनावी मौसम में दल और दिल बदलते ही अचानक उनकी विचारधारा भी गिरगिट की तरह रंग बदलने लगती है।चुनावी मौसम में अचानक नेताजी का हृदय परिवर्तन हो उठता है और दरिद्रनारायण की सेवा का भाव जग उठता है। समाज के दबे, कुचले, शोषित और वंचित उन्हें याद आने लगते हैं। घड़ियाली आँसू भी गिरने लगते हैं। क्योंकि उन्हें दरिद्रनारायण का दिल जीतना रहता है, और उसी के सहारे सत्ता की स्वप्निल सीढ़ियां चढ़नी होती हैं।

कहते हैं बदलाव प्रकृति का नियम है। जहाँ आज हिमालय है वहां कभी गहरा सागर था। कभी जहाँ जंगल थे आज वहां मेट्रोसिटी खड़ी हैं। अभी बर्फबारी का मौसम है तो कल बसंत आएगा। कभी सूखा तो कहीं सुनामी। कभी होली होती तो कभी दिवाली। यानी कभी गाड़ी नाव पर और कभी नाव गाड़ी पर। कहने का अभिप्राय यह है कि परिवर्तन प्रकृति का सास्वत सत्य है। फिर राजनेता और राजनीति उस शाश्वत सत्य का अनुशीलन कर रही है तो भला हमें आलोचना करने का क्या अधिकार है। जब चतुर्दिक बादलाव को सहर्ष स्वीकार किया जाने लगा है तो हमें ऐसी टिप्पणी और आलोचनाओं से बचाना चाहिए जो हमारी पुरातन संस्कार, संस्कृति और परम्परा को नष्ट करना चाहती हैं। हमें प्रकृति और परिवर्तन के सिद्धांत का अनुगमन करने वालों का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ऐसे लोग ही हमारे संस्कृति और परम्पराओं के रक्षक हैं। यहीं हमारे आदर्श और अधिनायक हैं।... चल पड़े जिधर दो डग मग में चल पड़े कोटि पग उसी ओर, पड़ गई जिधर भी एक दृष्टि गड़ गये कोटि दृग उसी ओर...। हालांकि यह इनके लिए उपयुक्त पक्तियां नहीं हैं लेकिन प्रसंगवस लिखना पड़ रहा है। इन्हीं लोगों की वजह से लोकतंत्र सुरक्षित है। अगर हम ऐसा कुछ करते हैं तो यह लोकतान्त्रिक मूल्यों के खिलाफ होगा। हमारी धर्मनिरपेक्ष नीति को बड़ा धक्का लगेगा।बदलाव की यह मुहिम किसी भी स्थिति में स्थापित रहनी चाहिए। क्योंकि यहीं तो लोकतंत्र का असली प्राणत्व है और राजनेता उसका स्तम्भ। गीता में भगवान कृष्ण ने सच कहा है वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि। यानी आत्मा अजर-अमर है। वह कभी मरती नहीं है। जिस तरह मनुष्य पुराने वस्त्र त्याग कर नया धारण करता है ठीक उसी प्रकार आत्मा एक नश्वरदेह को त्याग कर दूसरी काया में प्रवेश करती है। यह सिद्धांत ठीक उसी प्रकार हमारी राजनीति और राजनेताओं पर लागू होता है। अगर यह बात आपके समझ में न आयी हो तो हम सरल भाषा में आपको समझा देते हैं।

## सोश्यल मीडिया का विष-वमन

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सोश्यल मीडिया आज की जिंदगी में इतना महत्वपूर्ण बन गया है कि कई लोग 5 से 8 घंटे रोज़ तक अपना फोन या कंप्यूटर थामे रहते हैं। यदि हम मालूम करें कि वे क्या पढ़ते और देखते रहते हैं तो हमें आश्चर्य और दुख, दोनों होंगे। ऐसा नहीं है कि सभी लोग यही करते हैं। सोश्यल मीडिया की अपनी उपयोगिता है। गूगल तो आजकल विश्व महागुरु बन गया है। दुनिया की कौनसी जानकारी नहीं है, जो पलक झपकते ही उस पर नहीं मिल सकती। गूगल ने दुनिया से शब्द-कोशों, ज्ञान ग्रंथों और साक्षात गुरुओं का स्थान ग्रहण कर लिया है। उसके माध्यम से करोड़ों लोगों तक आप चुटकी बजाते ही पुंच सकते हैं लेकिन इसी सोश्यल मीडिया ने भयंकर एंटी-सोश्यल भूमिका निभानी भी शुरु कर दिया है। इसके जरिए न केवल झुठी अफवाहें फैलाई जाती हैं बल्कि अपमानजनक, अश्लील, उत्तेजक और घृणित सामग्री भी फैलाई जाती है। इसके कारण दंगे फैलते हैं, भयंकर जन-आंदोलन उठ खड़े होते हैं और राष्ट्रों के बीच जहर भी फैल जाता है। सोश्यल मीडिया के जरिए सबसे विनाशकारी काम बच्चों के विरुद्ध होता है। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने मोबाइल फोन के जरिए दिन भर अश्लील चित्रों और दृश्यों को देखते रहते हैं। वे गंभीर अपराध करने के गुर भी इसी से सीखते हैं। वे कई किशोर इंटरनेट के आदेशों का पालन इस हद तक करते हैं कि वे आत्महत्या तक कर लेते हैं। पिछले साल भर में ऐसी कई खबरें भारत के अखबारों और टीवी चैनलों पर देखने में आई हैं। बच्चों को संस्कारविहीन बनाने में सोश्यल मीडिया का विशेष योगदान है। वे अपनी पढ़ाई-लिखाई में समय लगाने के बजाय अश्लील चित्र-कथाओं में अपना समय बर्बाद करते हैं। बैठे-बैठे लगातार कई घंटों तक कंप्यूटर और मोबाइल देखते रहने से उनकी शारीरिक गतिविधियां भी घट जाती है। उसका दुष्परिणाम उनके स्वास्थ्य पर भी प्रकट होता है। वे निष्क्रियता और अकर्मण्यता के भी शिकार बन जाते हैं। भारत में अभी यह जहरीली बीमारी बच्चों में थोड़ी सीमित है लेकिन अमेरिका और यूरोप के बच्चे बड़े पैमान पर इसके शिकार हो रहे हैं। इसने वहां महामारी का रुप धारण कर लिया है। अमेरिकी सांसद इससे इतने अधिक चिंतित हैं कि उन्होंने अब इस सोश्यल मीडिया पर नियंत्रण के लिए कठोर कानून बनाने का संकल्प कर लिया है। वे शीघ्र ही ऐसा कानून बनाना चाहते है कि जिससे पता चल सके कि 16 साल से कम के बच्चे कितनी देर तक सोश्यल मीडिया देखते हैं। उनके माता-पिता को यह जानने की सुविधा होगी कि उनके बच्चे इंटरनेट पर क्या-क्या देखते हैं और कितनी देर तक देखते हैं।

# शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन : 22-23 फरवरी को डेरा डालो-घेरा डालो आंदोलन की तैयारियां जारी



### कारखाने की नीलामी बोली रद्द करने, कारखाने को चलाने व किसान-कर्मचारियों का बकाया भुगतान करने की मांगों को लेकर हो रहा है आन्दोलन

**कैलारस।** शक्कर कारखाने के मिल हाउस के मटेरियल की नीलामी विगत दिनों13 करोड़ 1 लाख रूपए में हुई है। इस नीलामी को रद्द करने के लिए किसान, श्रमिक, व्यापारी आमजन लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इसके लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, आजाद समाज पार्टी, अखिल भारतीय किसान सभा, एसएफआई, डीवाईएफआई, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, किसान कांग्रेस, सीटू सहित दर्जनों संगठन लगातार विरोध कार्रवाईयां कर रहे हैं। जिसके क्रम में 8 जनवरी को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध किया गया, 25 जनवरी को सामूहिक उपवास कार्यक्रम रखा गया, उसके बाद 31 जनवरी को विश्वासघात का दिवस तथा 8 फरवरी को नीलामी के दिन धिक्कार दिवस का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शक्कर कारखाने को चलाने की 3 बार घोषणा कर चुके हैं व जौरा की आमसभा में ज्योतिरादित्य सिंधिया कारखाना चलाने की घोषणा कर चुके हैं। परंतु अब उसे चलाने के बजाय कौडियों के मोल बेचा जा रहा है, जिसका जोरदार विरोध जनता कर रही है। इसी क्रम में 22 - 23 फरवरी को पुरानी सब्जी मंडी पर घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन किया जाएगा। इसकी तैयारीयों के लिए सभी दलों एवं संगठनों की बैठक किसान भवन पर आयोजित की गई। जिसमें माकपा की ओर से अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़ जिला सचिव महेश प्रजापति, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बृजमोहन मरैया, बहुजन समाज पार्टी के नेता नंदलाल खरे, आजाद समाज पार्टी के गौतम बोद्ध, एसएफआई के राजवीर सिंह धाकड़, बॉबी धाकड़, जनोस के कृष्ण प्रजापति, किसान कांग्रेस के रामविलास धाकड़, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष माकपा नगर सचिव राजेश गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने इस आंदोलन के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने, किसानों मजदूरों के बीच में जन जागृति अभियान चलाकर उन्हें लामबंद करने तथा आंदोलन को प्रभावी बनाने और सरकार को मजबूर करने के लिए रणनीति बनाई गई। सभी नेता गणों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वे नीलामी को रद्द करें। अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। कारखाने को आधुनिक मशीनों के साथ चलाएं और किसान कर्मचारियों का बकाया भुगतान करें। अगर यह मांगे नहीं मानी गई तो आगे आने वाले दिनों में आन्दोलन की कार्यवाहियां तेज की जाएगी।



## 7 दिन में समस्याओं का नहीं हुआ निराकरण तो होगा आंदोलन: पंकज

### -जन समस्याओं को लेकर पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**जौरा।** नगरीय क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जौरा से कांग्रेसी प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में सैकडौ की संख्या मे कांग्रेसियों ने एसडीएम विनोद सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में 7 दिन में जन समस्याओं के निराकरण की बात कही गई है। निराकरण नहीं होने की स्थिति में 7 दिन बाद कांग्रेसियों ने आंदोलन की भी चेतावनी प्रशासन को दी है। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे सैकडौ की संख्या में कांग्रेसी अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय प्रांगण के बाहर एकत्रित हुए पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपी गई। ज्ञापन के माध्यम से श्री एपाध्याय ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के 18 वार्डों की गली मोहल्लों में स्वच्छता अभियान जलभराव दिव्यांग पेंशन साफ-सफाई को लेकर कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिसके चलते आमजन परेशान हैं नगर के प्रत्येक वार्ड में जलभराव नालियों में कीचड़ एवं गंदगी भरी होने से परेशानी नागरिकों को हो रही है। इनके विकास की उत्तम व्यवस्था करवाई जावे नगर के मुख्य मार्ग एमएस रोड सदर बाजार गांधी वाचनालय सहित अन्य व्यस्त बाजारों में दिन में दो बार झाडू लगवाने की व्यवस्था की जावे एवं प्रत्येक गली मोहल्ले में कचरा उठाने के लिए भी कचरा गाड़ी की व्यवस्था कराई जावे। शहर के एकमात्र गांधी पार्क में फैली गंदगी एवं व्यवस्थाओं को दूर कर उसके सुंदरीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जावे। पिछले दो-तीन माह से दिव्यांगों की पेंशन भी नहीं आ रही है उसे भी तुरंत चालू कराया जाए, वार्ड नंबर 1 में जो रेलवे लाइन का कार्य चल रहा है।

## जागरूकता और सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित करने स्वयं कचरा उठा रहे स्वच्छता एंबेसडर और सीएमओ

### 23 फरवरी से वार्डों में होगी शुरूआत




**अम्बाह।** स्वच्छता एंबेसडर की पहल पर अंबाह नगर में शुरू किए गए स्वच्छता जागरूकता एवं साफ-सफाई अभियान आज़ लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। स्वच्छता जागरूकता के लिए नागरिकों को आगे आने और सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता एंबेस्डर समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, पूर्व पार्षद उमेश जैन और सीएमओ रामनिवास शर्मा स्वयं साफ सफाई करने कचरा उठाने मैं बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। जगह-जगह नागरिकों को समझाने का काम भी टीम द्वारा किया जा रहा है। संत रविदास जयंती से प्रारंभ हुए सप्ताहिक जागरूकता एवं साफ-सफाई अभियान को और गति प्रदान करने के लिए स्वच्छता एंबेसडर डॉ सुधीर आचार्य, वरिष्ठ साथी उमेश जैन व सीएमओ रामनिवास शर्मा और सब इंजीनियर के के दीक्षित के साथ मिलकर 23 फरवरी से प्रत्येक वार्ड वायज स्वच्छता अभियान चलाने की रूपरेखा को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शुक्रवार को नगर के नगर पालिका चौराहे से टॉकीज रोड जग्गा चौराहा, एनसीसी ग्राउंड क्षेत्र में साफ-सफाई और जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा ने बताया कि स्वच्छता एम्बेसडर डॉ सुधीर आचार्य और उमेश जैन मिलकर वार्ड वायज स्वच्छता अभियान की योजना तैयार कर रहे हैं, जिसे अतिशीघ्र अमल में लाया जायेगा। एक-दो दिन में सफाई कर्मचारियों के साथ बैठकर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत नगर के युवाओं और समाजसेवियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा व एक-दो दिन में पूरी योजना नगर वासियों के सामने होगी।

## लग्जरी कार से अवैध शराब की 7 पेटी बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**मुरैना।** सिंहोनियां थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह लह्लू बसई चौराहे पर नाकाबंदी कर एक लग्जरी कार से अवैध शराब की 7 पेटी बरामद की और कार को जप्त कर लिया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत शुक्रवार की सुबह थाना प्रभारी पवन सिंह भदोरिया को मुखबिर से सूचना मिली कि लह्लू वसई से एक लग्जरी कार क्रमांक एच आर 41 ऐप 0 411 मैं अवैध शराब भरकर सिंहोनियां मुरैना रोड की तरफ ले जाई जा रही है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने लह्लू वसई तिराहे पर नाकाबंदी कर कार को रोक लिया और तलाशी लेने पर उसके अंदर से 7 पेटी गोवा शराब बरामद हुई। यह शराब मध्यप्रदेश में निर्मित थी, लेकिन तस्कर के पास इसके कोई वैध कागजात नहीं थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।




## मदद के लिए हाथ बडे तो लग गया उपहारों का ढेर

### -सेवाभावी महिलाओं ने गरीब परिवारों के हित में दिखाया जज्बा



**मुरैना।** शहर की सेवाभावी महिलाओं ने इस बार दो अभावग्रस्त परिवारों को बेटियों की शादी में सहयोग देकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है। चार संगठनों से जुडी तकरीबन डेढ दर्जन महिलाओं ने विवाह से पहले ही बेटियों की झोली ऐसे उपहारों से भर दी, जो उनके लिए रोजमर्रा के अलावा गृहस्थी में काम आने वाले हैं। सिंगल बस्ती में आर्थिक रूप से कमजोर एक आदिवासी परिवार की बेटी के ब्याह की सूचना जैन मिलन की केंद्रीय संयोजिका भावना जैन को पांच दिन पहले मिली। चूंकि वे जेसीआई मुरैना जाग्रति की फाउंडर प्रेसिडेंट हैं और विहिप मातृशक्ति विंग की जिला संयोजिका भी, इसलिए उन्होंने वे सभी संगठनों की पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मिलकर परिवार को सहयोग देने में जुट गईं। इस बीच लॉयंस क्लब और आरएसएस की कुछ महिला कार्यकर्ता भी उनके साथ जुड गईं। किसी ने साडी भेंट की तो किसी ने चादर, कम्बल, चूडी, नेकलेस सेट, पायल, बिछुआ। इसके अलावा कोई महिला सूटकेश लेकर आई तो किसी ने मिक्सर-ग्राइंडर या अन्य सामान उपहार के रूप में भेजा। देखते ही देखते उपयोगी चीजों का ढेर लग गया। इसी बीच दत्तपुरा में एक और गरीब परिवार में बेटी के विवाह की सूचना मदद की अपील के साथ मिली तो उपहारों को दो हिस्सों में बांटकर महिलाएं शुक्रवार को दोनों बेटियों के घर पहुंचीं और तोहफे उनके सुपुर्द कर दिए। उपहारों के अलावा महिलाओं ने दोनों बेटियों के परिजन को नकद राशि के लिफाफे भी सौंपे और उन्हें सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अंचल की प्रीती जैन बनी नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण

### -डिजाइनिंग की शौक को मिला सोशल मीडिया का सहारा सबसे अलग बनाई पहचान



**मुरैना।** अंचल की बेटी प्रीति जैन सदैव से ही एक फैशन डिजाइनर बनना चाहती थी, किंतु स्नातक शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत ही उनके माता-पिता ने उज्जैन के एक सुखी, समृद्ध और संयुक्त परिवार में उनका विवाह कर दिया। पति उमेश जैन विदेश में अभियंता के रूप में कार्यरत है, अतएव उन्हें संयुक्त परिवार और बच्चों के उचित पालन पोषण पर अतिरिक्त श्रम करना पड़ा। उन्होंने एक आदर्श एवं कुशल गृहालक्ष्मी बनकर अपने उत्तरदायित्वों का सम्यक निर्वहन किया।

बच्चों के कुछ बड़े हो जाने तक उन्होंने अपने फैशन डिजाइनर बनने के लक्ष्य को पूर्ण करनें हेतु उचित समय आने तक धैर्य बनाए रखा, इससे यह सिद्ध होता है कि वे अत्यंत प्रतिभाशाली हैं, उन्होंने आईटीआई के फैशन टेक्नालॉजी ट्रेड में प्रवेश लिया। उनके इस कार्य में उनके समस्त परिजनों ने भरपूर सहयोग दिया। प्रीति जैन में कार्य को सीखने की उत्कृष्ट अभिलाषा थी इसलिए उन्हें जो भी सिखाया जाता था, उसे तत्काल ही सीख लेती थी। आईटीआई में प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रीति एक सफल उद्यमी बनकर स्वरोजगार करना चाहती थी। जब अपने देश में प्रायः अधिकांश युवा पढ़ाई या प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत नौकरी की ओर मुड रहे थे, तब वे इस भीड़ से पृथक स्वरोजगार करने की ठान चुकी थी। उनके इसी साहस और दृढ़ विश्वास ने ही उन्हें एक सफल उद्यमी बना भी दिया। इस क्षेत्र में भी वे एक नूतन विचार के साथ आयीं। उन्होंने परंपरागत कार्य न करते हुए एक यूट्यूबर बनकर कार्य प्रारंभ किया। प्रीति जैन, एक सामान्य गृहणी ने यूट्यूब की दुनिया में कदम रखा। प्रीति जैन ने यूट्यूब पर कृष्णा क्रिएशन नाम से एक चैनल प्रारंभ किया, जिसमें वे फैशन डिजाइन से संबंधित वीडियो अपलोड किया करती हैं। जिस प्रकार हजारों मील की यात्रा भी एक कदम से प्रारंभ होती है, उसी प्रकार गिनती के कुछ सब्सक्राइबरों से प्रारंभ यह यात्रा वर्तमान में लगभग 9 लाख 90 हजार सब्सक्राइबरों तक पहुंच गई है। इससे उन्हें यूट्यूब से प्रतिमाह उनके वीडियो पर आने वाले विज्ञापनो और दर्शक संख्या के आधार पर भुगतान भी किया जाता है। उनकी ख्याति और कार्यों से प्रभावित होकर फेसबुक ने भी उन्हें फैशन डिजाइनिंग से संबंधित वीडियो देने हेतु प्रस्ताव दिया है। इसके अतिरिक्त वे पैटर्न मेकिंग का भी कार्य करती है, जिसके लिए उन्हें देश-विदेश से ऑनलाइन आर्डर प्राप्त होते हैं। उनकी सफलता इसलिए और बडी हो जाती है कि एक संयुक्त परिवार और दो बच्चों के पालन पोषण के उत्तरदायित्वों के उचित निर्वहन, जबकि पति विदेश में कार्यरत हैं, के साथ एक सामान्य गृहिणी नें अपने सकारात्मक दृष्टिकोण, नवाचार, दूरदर्शिता तथा लक्ष्य प्राप्ति की प्रतिबद्धता का जो गुण प्रर्दशित किया है।

# थाना ग्वालियर पुलिस बड़ी कार्यवाही तीन शातिर चोरो को चोरी आभूषण के साथ किया गिरफ्तार



**ग्वालियर**-थाना ग्वालियर के अंतर्गत रात्रि में सोने-चांदी के आभूषण विक्रेता की दुकान फोर्ट रोड नाले पर ऊपर स्थित दुकान के नीचे नाले से सेंघ लगाकर सोने-चाँदी के आभूषण की दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके थाना ग्वालियर पुलिस द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा था जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर एवम वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आलोक परिहार के द्वारा कार्यवाही करते हुये सूचना प्राप्त हुई कि आभूषण विक्रेता की दुकान से चोरी किये गये आभूषणों की बिक्री हेतु रमटापुरा के पास एक संदिग्ध चोर चाँदी के आभूषण बेचने की फिरार में खड़ा है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध को धरदबोचा। पकड़े गये संदिग्ध के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा व कारतूस मिला। पूछताछ करने पर उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ आभूषण विक्रेता की दुकान पर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी में शामिल उसके अन्य साथियों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया और उनके कब्जे से चोरी किये गये चाँदी के आभूषण और बर्तन मूर्तीया आदि बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पकड़े गये आरोपियों से चोरी का माल खरीदने वाले सुनार व्यवसायी से भी पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो उसके द्वारा चोरी का माल खरीदना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा सुनार व्यवसायी से खरीदा हुआ माल बरामद किया। चोरी के अपराध में पकडे गये आरोपियों द्वारा शहर के अन्य थानों में भी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपीगणों का पूर्व आपराधिक इतिहास देखा जा रहा है, जो शहर के विभिन्न थानों में पूर्व में भी गिरफ्तार हुये है, इनसे पूछताछ पर कई अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की संभावना है।

### बरामद माल

चॉदी के पायल, चॉदी के बर्तन, चाँदी की मूर्तीया, चाँदी के बिछिये, चाँदी के सिक्के ब्रेसलेट एक 315 बोर का कट्टा कारतूस आदि सामान बरामद हुआ है।

### सराहनीय भूमिका

उक्त चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी ग्वालियर आलोक सिंह परिहार, उनि0 गंभीर, योगेन्द्र सिंह, अनुपम मिश्रा, सउनि बाबूलाल पंचारिया, प्र.आर. वीरबहादुर सिंह, कमल परिहार, शिव सिंह, आर0 अनुज जाट, विवेक तोमर, लोकेन्द्र तोमर, धर्मेन्द्र सिकरवार हितेन्द्र शर्मा, सतेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, मोकम रावत की सराहनीय भूमिका रही है।



## गौमाता के सम्मान में बजरंग दल मैदान में

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**पलेरा।** आज दिनांक 18/02/2022 को बजरंग दल प्रखंड पलेरा ग्राम गोवा में घायल अवस्था में पड़ी गौ माता को ग्रामीणों द्वारा ग्राम गोवा के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई मौके पर बजरंग दल कार्यकर्ता वहां पर उपस्थित हुए डॉक्टरों को कॉल किया लेकिन डॉक्टरों ने एक बार भी फोन नही उठाया डॉक्टरों की लापरवाही आए दिन देखने को मिल रही है वहां पर कोई भी डॉक्टर नरवरिया जी ड्यूटी होने के बावजूद उपस्थित नहीं हुये जिससे गौमाता ने अपना दम तोड़ दिया है अगर डॉक्टर नरवरिया जी मौके पर पहुंच जाते तो गाय माता बच सकती थी बजरंग दल श्रीकांत गोस्वामी गोलू राजपूत राज राजपूत रितेश गौतम गोस्वामी कुडयाला सह संयोजक रोहित चढ़ार ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन होगा जिसके जिम्मेदार स्वयं डॉक्टर एवं शासन प्रशासन होगा

## पुलिस थाना सिहोनिया के द्वारा एरिया डोमिनेशन के दौरान 2 स्थायी वारंटियों के आरोपी को किया गिरफ्तार।



दिनांक 16/02/2022 को थाना प्रभारी सिहोनियां पवन भदौरिया को एरिया डोमिनेशन के दौरान के मुखबिर की सूचना पर खडियाहार के पास गोपी रोड से एक स्थायी वारन्टी को गिरफ्तार किया गया जिस पर थाना सिहोनियां में पूर्व से रंगदारी व मारपीट के प्रकरण में दो स्थायी वारन्ट जारी किये थे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय अंबाह पेश किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सिहोनिया उप निरी पवन भदौरिया,उनि. कार्यवाहक जेएस भदोरिया, सउनि कोक सिंह चौधरी, आर.राहुल सिह सिकरवार,आर. राहुल सिंह राजावत, आर.शैलेन्द्र सिकरवार, आर.उपेन्द्र सिंह भदौरिया,आर.जितेन्द्र शर्मा,आर,सुनील सिंह चौहान का सराहनीय योगदान रहा है।

## वित्तीय साक्षरता केंद्र बैहर में रीजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जिले की बैहर तहसील में बैंकों व वित्तीय साक्षरता संबंधित जागरूकता वर्धन हेतु अपराजिता महिला संघ के द्वारा संचालित मनी वाइज वित्तिय साक्षरता केंद्र बैहर के द्वारा दिनांक 18 फरवरी 22 को ग्राम बिरसा ब्लाक बैहर में÷ गो डिजिटल , गो सिक्योर ÷ थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों के द्वारा डिजिटल बैंकिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एल . डी. एम. सोमनाथ भट्टाचार्य की उपस्थिति में संपन्न किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं उन्हें एटीएम , मोबाईल , कियोस्क आदि डिजिटल बैंकिंग चैनलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि सोमनाथ भट्टाचार्य के द्वारा अपने उद्बोधन में सदस्यों को बैंकों के माध्यम से संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने व उनका लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अपराजिता महिला संघ द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैंक के



सहयोग से संचालित मनी वाईज वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की सराहना की एवं लोगों को कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के निवासियों सहित बहुत सिंह मेरावी संरपच, चन्दन सिंह धुर्वे सचिव, खेमचल दीवान रोजगार सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता केंद्र प्रभारी घनेन्द्र सिंह कटरे के द्वारा किया गया तथा वित्तीय साक्षरता केंद्र सहायक मुकेश कुमार चौधरी के द्वारा उपस्थित अतिथियों व सदस्यों का अभार प्रकट किया गया।

## पन्ना पुलिस ने अपहृता को किया दस्तयाब

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

दिनांक 18/10/2021 को फरियादी द्वारा थाना पवई मे रिर्पोर्ट की गई थी की फरियादी की नाबालिक लडकी दिनांक 17/02/2021 की रात्री अपने घर पर सो रही थी जो सुबह उठने पर घर पर नही मिली कोई अज्ञात आदमी बहला फुसलाकर कही ले गया है । फरियादी की रिर्पोर्ट पर थाना पवई मे अज्ञात आरोपी के विरुध्द अपहरण का अ प . क्र . 417/2021 कायम कर विवेचना मे लिया गया। उपरोक्त घटना को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीणा व्दारा गभीरता से लेते हुये ऑपरेशन मुस्कान के तहत अनु.अधी .पुलिस पवई श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई के नेत्तव मे एक पुलिस टीम घटित की जाकर अपहृता को दस्तायब करने हेतु निर्देशित किया गया । उपरोक्त टीम व्दारा अपहृता की तलाश की गई एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर अपहृता को ग्राम बीजाखेरा थाना रैपुरा से दिनांक 17/02/2022 को दस्तायाब किया जाकर परिजनो को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी डी के सिंह थाना प्रभारी पवई ,उनि घनश्याम मिश्रा थाना रैपुरा,उनि अंजली सिंह राजपूत,सउनि के एस ठाकुर,प्रआर 78 कृष्णकान्त,आर 279 दीपक मिश्रा,म,आर 423 अंजली त्रिपाठी,म,आर 639 शिवानी सिंह,सैनिक 112 पूरन सिंह एवं सायबर सेल पन्ना से प्रआर नीरज रैकवार,राहुल,धर्मेन्द्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।




## शोभारानी कुशवाह विधायक धौलपुर और समाज विशेष को जाति सूचक गलत टिप्पणी करने पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा



**सवाईमाधोपुर** - शोभारानी कुशवाह विधायक धौलपुर और समाज विशेष को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जाति सूचक ग़लत टिप्पणी करने एवम् जान से मारने की धमकी देने बालो को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने के लिए श्रीमान सीएल सैनी जिलाध्यक्ष सैनी समाज के आव्हान पर मुख्यमंत्री महोदय के नाम श्रीमान उपजिला कलेक्टर महोदय गंगापुर सिटी को सर्व समाज द्वारा ज्ञापन दिया गया!

## उचित मूल्य दुकानों से 5 किलो ग्राम के एफटीएल सिलेण्डर की होगी खुदरा बिक्री

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भोपाल ।** अस्थायी निवास एवं कम एलपीजी खपत वाले उपभोक्ता होंगे लाभांवित,प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, भोपाल के दिये गये निर्देश अनुसार उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 05 किलो ग्राम गैस की मात्रा वाले सिलेण्डर की खुदरा बिक्री का प्रस्ताव दिया गया है। यह योजना प्रवासी मजदूर, प्रवासी परिवार अथवा शहरी क्षेत्रों के ऐसे विद्यार्थी जो अपने निवास, पता का प्रमाण देने में असमर्थ हैं अथवा ऐसे व्यक्ति जिनकी एलपीजी की मासिक खपत 14.5 किलो ग्राम से कम है या जो सड़क के किनारे ठेले लगाते हैं उनके लिये अत्यधिक राहत प्रदान करेगी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल श्रीमती




ज्योति शाह नरवरिया ने बताया कि 5 कि.ग्राम एफटीएल सिलेण्डर की प्रारंभिक कीमत 800 रूपये, 18 प्रतिशत टेक्स सहित कुल कीमत 944 रूपये एवं प्रेशर रेग्यूलेटर की टैक्स सहित कीमत 295 रूपये तथा सुरक्षा हॉज की कीमत लगभग 170 रूपये होगी। 5 किलो ग्राम की कीमत 21 नवम्बर 2021 की स्थिति में 569 रूपये है। यदि कोई व्यक्ति, उपभोक्ता 5 किलो ग्राम के एफटीएल सिलेण्डर को सरेण्डर करना चाहता है तो उसे कंपनी, वितरक द्वारा 500 रूपये बापस किये जायेंगे।

उन्होंने ने बताया कि सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के बारे में जिले में स्थित कंपनी के वितरकों द्वारा उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। किसी भी दुकान पर एक समय में 100 किलो ग्राम से अधिक एलपीजी अर्थात 20 सिलेण्डर (5 किलो ग्राम) से अधिक संख्या नहीं रहेगी। यह उल्लेखनीय है कि उचित मूल्य दुकानदार को वितरक द्वारा वर्तमान दर के अनुसार प्रति सिलण्डर बिक्री पर 45 रूपये कमीशन प्राप्त होगा।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी भोपाल श्रीमती माया अवस्थी की अध्यक्षता में जिले की समस्त गैस एजेंसी संचालक एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता की बैठक आयोजित कर उक्त निर्देशों के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक में बी.एच.ई.एल, इन्द्रपुरी, नीलबड, रातीबड क्षेत्र के विक्रेताओं द्वारा हॉस्टल में निवासरत छात्रों को उक्त गैस सिलेण्डर विक्रय कर सकने के संबंध में अवगत कराया गया।

# प्रतिभाः डिजाइनिंग की शौक को मिला सोशल मीडिया का सहारा सबसे अलग बनाई पहचान...

**केशब पंडित अम्बाह...**

ग्वालियर की बेटी प्रीति जैन सदैव से ही एक फैशन डिजाइनर बनना चाहती थी, किंतु स्नातक शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत ही उनके माता पिता ने उज्जैन के एक सुखी, समृद्ध और संयुक्त परिवार में उनका विवाह कर दिया। पति उमेश जैन विदेश में अभियंता के रूप में कार्यरत है, अतएव उन्हें संयुक्त परिवार और बच्चों के उचित पालन पोषण पर अतिरिक्त श्रम करना पड़ा। उन्होंने एक आदर्श एवं कुशल गृहालक्ष्मी बनकर अपने उत्तरदायित्वों का सम्यक निर्वहन किया। बच्चों के कुछ बड़े हो जाने तक उन्होंने अपने फैशन डिजाइनर बनने के लक्ष्य को पूर्ण करनें हेतु उचित समय आने तक धैर्य बनाए रखा, इससे यह सिद्ध होता है कि वे अत्यंत प्रतिभाशाली हैं, उन्होंने आईटीआई के फैशन टेक्नालॉजी ट्रेड में प्रवेश लिया। उनके इस कार्य में उनके समस्त परिजनों ने भरपूर सहयोग दिया। प्रीति जैन में कार्य को सीखने



की उत्कट अभिलाषा थी इसलिए उन्हें जो भी सिखाया जाता था उसे तत्काल ही सीख लेती थी। आईटीआई में प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रीति एक सफल उद्यमी बनकर स्वरोजगार करना चाहती थी। जब अपने देश में प्रायः अधिकांश युवा पढ़ाई या प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत नौकरी की ओर मुड रहे थे,तब वे इस भीड़ से पृथक स्वरोजगार की ओर मुड रहीं थीं। उनके इसी साहस और दृढ़ विश्वास ने ही उन्हें एक सफल उद्यमी बना भी दिया। इस क्षेत्र में भी वे एक नूतन विचार के साथ आयीं। उन्होंने परंपरागत कार्य न करते हुए एक यूट्यूबर बनकर कार्य प्रारंभ किया। प्रीति जैन, एक सामान्य गृहणी ने यूट्यूब की दुनिया में कदम रखा, प्रीति जैन ने यूट्यूब पर कृष्णा क्रिएशन नाम से एक चैनल प्रारंभ किया जिसमें वे फैशन डिजाइन से संबंधित वीडियो अपलोड किया करती हैं। जिस प्रकार हजारों मील की यात्रा भी एक कदम से प्रारंभ होती है, उसी प्रकार गिनती के कुछ सब्सक्राइबरों से प्रारंभ यह यात्रा वर्तमान में लगभग 990000 सब्सक्राइबरों तक पहुंच गई है। इससे उन्हें यूट्यूब ₹ से प्रतिमाह उनके वीडियो पर आने वाले विज्ञापनो और दर्शक संख्या के आधार पर भुगतान भी किया जाता है। उनकी ख्याति और कार्यों से प्रभावित होकर फेसबुक ने भी उन्हें फैशन डिजाइनिंग से संबंधित वीडियो देने हेतु प्रस्ताव दिया है। इसके अतिरिक्त वे पैटर्न मेकिंग का भी कार्य करती है, जिसके लिए उन्हें देश विदेश से ऑनलाइन आर्डर प्राप्त होते हैं।उनकी सफलता इसलिए और बडी हो जाती है कि एक संयुक्त परिवार और दो बच्चों के पालन पोषण के उत्तरदायित्वों के उचित निर्वहन, जबकि पति विदेश में कार्यरत हैं, के साथ एक सामान्य गृहिणी नें अपने सकारात्मक दृष्टिकोण, नवाचार, दूरदर्शिता तथा लक्ष्य प्राप्ति की प्रतिबद्धता का जो गुण प्रर्दशित किया है, वास्तव में यह नारी सशक्तीकरण का अनुपम उदाहरण है।



## कलेक्टर ने किया पंजीयन केंद्र गढ़ीबरोद का भ्रमण

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने शुक्रवार को उपार्जन हेतु निर्धारित पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था गढ़ीबरोद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंजीयन केन्द्र के रिकॉर्ड की जांच में पाया गया कि हल्का पटवारी श्री महेन्द्र भार्गव द्वारा एक किसान के हिस्से से ज्यादा रकबे का पंजीयन हेतु अनुशंसा टीप दी गई है। गलत पंजीयन की अनुशंसा पर पटवारी को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया गया है एवं पंजीयन संस्था के ऑपरेटर को किसान का सही पंजीयन करने की हिदायत दी गई। इसी क्रम में एम.पी.ऑनलाईन कोटा का निरीक्षण कर पंजीयन के दस्तावेजों की जांच की गई एवं सही पंजीयन करने के लिए एम.पी.ऑनलाईन संचालक को भी निर्देशित किया गया है। सभी पंजीयन केन्द्रों के प्रबंधक तथा ऑपरेटर्स एवं पंजीयन कार्य कर रहे एम.पी.ऑनलाईन/कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों की गूगल मीट कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा ली गई। मीटिंग में किसान के स्वयं के हिस्से के रकवे का ही पंजीयन करने के निर्देश सभी को दिये गये है। गलत पंजीयन होने पर पंजीयन करने वाली संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उपार्जन कार्य से जुड़े जिला अधिकारियों एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को पंजीयन केन्द्रों पर सतत भ्रमण कर पंजीयन कार्य की निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है।

## 10वीं की परीक्षा में मिला बीएससी का छात्र, साइन नहीं मिलने पर पकडा।




### भिंड में पकड़ा गया फर्जी छात्र।

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर चम्बल संभाग पुष्पांजली टुडे।**

**भिण्ड।** भिण्ड के शांति किशोर डीएलएड परीक्षा केंद्र पर एक फर्जी परीक्षार्थी को केंद्राध्यक्ष ने पकड़ लिया। ये परीक्षार्थी बीएससी का छात्र है, जोकि दसवीं के हिंदी का पेपर देने आया था। पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। शुक्रवार को भिंड में दसवीं बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर था। जनता शिवहरे हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र शांति किशोर डीएलएड बनाया गया। यहां पढ़ने वाला दसवीं का छात्र रोमी निगम के स्थान पर नुन्हाटा का रहने वाले शिवम तोमर को परीक्षा में बैठाया। परीक्षा केंद्र पर जब हस्ताक्षर का मिलान किया जा रहा था। इसी दौरान फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ाया। जब केंद्र अध्यक्ष राजकुमार दौहरे ने परीक्षार्थी से उसकी मां का नाम पूछा तो वो चुप रह गया। वो असली परीक्षार्थी की मां का नाम नहीं बता पाया। आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। असली छात्र पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मौ मंडल में भाजपा की आजीवन सदस्यता बैठक संपन्न




**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांज़ली टुडे**

**मौ।** पूर्व मंडल अध्यक्ष हर नारायण सिंह कुशवाह से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय जनता पार्टी के मिशन के तहत हर जगह आजीवन सहयोग निधि के उपलक्ष में बैठक आयोजित की जा रही हैं। उसी के तहत 18 फरवरी को मौ मंडल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लाल सिंह आर्य रहे। बैठक में आजीवन सहयोग निधि की चर्चा रखी गयी और श्री आर्य जी के द्वारा ही 50 हजार राशि की माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ही कार्यकर्ताओं की रसीद काटी गयी। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं में जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के पिंकी सागर किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर सिंह पवैया , मंडल उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गुर्जर सुरेश कोक सिंह कुशवाह गुप्ता जाटव पूर्व सरपंच रामनरेश कुशवाहा बडेरा सरपंच बेनी राम सरपंच लल्लू राम कुशवाहा ध्यानु जाटव गिर्राज यादव रवि यादव विक्रम कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## 10वीं के 26 आदिवासी विद्यार्थियों को नहीं मिले प्रवेश पत्र, ढूंढकर परीक्षा दिला रहा प्रशासन

**रायसेन।** जिले में कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा के दौरान एक अनूठा मामला सामने आया है। यहां परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गए 26 आदिवासी बच्चों को प्रशासन ढूंढकर परीक्षा दिला रहा है। दरअसल शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते बाड़ी विकासखंड के ईंटखेड़ी संकुल अंतर्गत उमरई बेहरा केंद्र में 26 विद्यार्थियों के परीक्षा प्रवेश पत्र नहीं आए।

# कांग्रेस ने लॉन्च किया डिजिटल सदस्यता अभियान

### हर बूथ पर कम से कम 100 सदस्य बनाएं: कमलनाथ

### प्रदेश में 50 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य: मुकुल वासनिक



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में आज संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।

अभा कांग्रेस के महासचिव प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा कि चुनाव के लिए समय बहुत कम है, कांग्रेस की सदस्यता अभियान के माध्यम से बुनियादी तौर पर संगठन को और शसक्त बनाकर पूरी ताकत के साथ 2023 और 2024 के चुनाव में हमें पूरी शक्ति के साथ भाजपा को पराजित करना है। वासनिक ने कहा कि प्रदेश में 50 लाख से अधिक कांग्रेस पार्टी के सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि मण्डलम के गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर कांग्रेस सदस्यता अभियान में तेजी लायें। कांग्रेस की डिजीटल सदस्यता से प्रदेश भर में अच्छा संदेश जायेगा, फर्जीवाड़े की कोई गुंजाइश नहीं होगी। भाजपा ने जो सदस्यता अभियान चलाया है, उसमें पूरी तरह फर्जीवाड़ा किया गया है।कांग्रेस संगठन चुनाव के पीआरओ आर.सी. खूंटिया ने कहा कि मप्र में सबसे अच्छा संगठन है। सरकार बनाने का लक्ष्य ही हमारे दिलो-दिमाग में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में डिजीटल सदस्यता अभियान में 32 लाख सदस्य बनाए गए हैं। मोदी जी और शिवराज जी ने कमलनाथ सरकार को गिराने के लिए जो समय गवाया उस दौर में कोरोना के देश-प्रदेश में हजारों लोगों की मौत हो गई। जिसका विपरीत असर सीधे तौर पर जनता पर पड़ा है। मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो भारत वर्ष में एक आशा जागेगी। इसलिए सबसे पहले सदस्यता अभियान पर ध्यान देना चाहिए। अभा कांग्रेस से नियुक्त डिजीटल सदस्यता अभियान के प्रभारी के. राजू ने कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता से संगठन को होने वाले फायदे और उसकी महत्ता के बारे में बताते हुए जिला शहर कांग्रेस अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि 15 राज्यों में डिजीटल सदस्यता पर काम हो रहा है। बहुत ही आसान तरीके से डिजीटल सदस्य बना सकते हैं। इस अवसर पर तरण त्यागी और पूर्व मंत्री एनपी प्रजापति ने भी संबोधित किया। बैठक में, अभा कांग्रेस के सचिवगण सहप्रभारी संजय कपूर, सी.पी. मित्तल और सुधांशु त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, पी.सी. शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत, सुरेन्द्र चौधरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, राजीव सिंह, सहित अन्य प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण और जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित थे।

## व्यापमं घोटाला: 160 आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान

**भोपाल।** व्यापमं घोटाले में सीबीआई ने 160 आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान पेश किये है। इनमें 81 नए आरोपी बनाए हैं। वर्ष 2013 में व्यापमं द्वारा आयोजित की गई पीएमटी परीक्षा हुए फर्जीवाड़ा मामले में विशेष न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसौदिया की अदालत में 160 आरोपितों के खिलाफ पूरक चालान पेश किया गया। इसमें धारा- 419, 420, 467, 468, 471 और धारा-120 बी एवं परीक्षा अधिनियम सहित अन्य धाराओं में 2000 पेज से ज्यादा का पूरक चालान पेश किया है। सीबीआइ के इंस्पेक्टर अंकित झकारिया और विशेष लोक अभियोजक सतीश दिनकर ने बताया कि चालान में सीबीआइ ने 81 नए आरोपी बनाए हैं। इनमें व्यापमं के तत्कालीन नियंत्रक पंकज त्रिवेदी, चिकित्सा शिक्षा विभाग के तत्कालीन अधिकारी एससी तिवारी और बीएन श्रीवास्तव, इंडेक्स, चिरायु एवं पीपुल्स मेडिकल कालेज के संचालक, एडमिशन कमेटी के सदस्य, बिचौलिये और परीक्षार्थियों के स्वजन और लाभार्थियों के नाम शामिल है।

# संगारेड्डी में धर्मगुरू दीवान साहब के बधावणा में छलकी आस्था

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**हैदराबाद –** संगारेड्डी सीरवी समाज नवनिर्मित आईमाता मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शुक्रवार दोपहर दो बजे माताजी का भेल रथ एंव धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के बधावणा में रगारंग गेर नृत्य व ढोल नगाड़ो व चंग की थाप पर गेर नृत्य पेश किया गया । महोत्सव में ढोल की थाप व थाली की झनकार के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं व बालिकाएं कलश धारण कर मंगल गान करते हुए चली । इस अवसर पर संगारेड्डी मंदिर के निकट रावस स्कूल मैदान से आईमाता मंदिर तक गैर नृत्य और भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भव्य कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया । महोत्सव मे बधुओं ने आईमाता व दीवान साहब के जयकारें लगाएं। ।इस अवसर पर बिलाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष रूपसिंह परिहार, कल्याणसिंह सीरवी ,संगारेड्डी वडेर के अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया,घीसाराम काग,सचिव मोहनलाल चोयल, कोषाध्यक्ष लिखमाराम सानपुरा सहित मुख्य अतिथी मंच संचालन घीसाराम चौधरी ,राजस्थान बीजेपी के कद्दावर नेता और मारवाड़ जंक्शन के पूर्व विधायक केसाराम चौधरी , दिनेश कुमार सिवास , पुणे से शंकरलाल काग, मोहनलाल काग सहित अन्य वडेर के अध्यक्ष व समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे





## देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू पोरसा प्रवास के दौरान मां आसमानी के दर्शन के बाद कार्यक्रम में सम्मिलित

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू पोरसा प्रवास के दौरान ग्राम ओरेठी पहुंच कर माता आसमानी मंदिर मैं पूजा अर्चना की और संतो से लिया आशीर्वाद पूजा अर्चना के बाद पोरसा मैं कई कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें राकेश सिंह तोमर एमआर गार्डन पंडित सुरेश शुक्ला नागाजी धर्मशाला बृजेश शिवहरे संत वाटिका तथा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, भूपेश शिवहरे के निज निवास पर पहुंचकर देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया का शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता संदीप उपाध्याय कमल जाटव अवधेश राजोरिया योगेश शर्मा राजा शर्मा शिवराज सिंह तोमर पवन शर्मा रमाकांत शर्मा भूपेश शिवहरे अमित भदोरिया सौरभ सिंह तोमर आदि लोग उनके साथ उपस्थित रहे

## शिक्षा का मंदिर शासकीय विधालय का मुख्य द्वार बना पेशाबघर,समाजसेवियों ने दिया आवेदन

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह–** नगर दबोह का शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय इन दिनों गन्दगी का अंबार बना हुआ है।क्योंकि नगर में नगर परिषद का स्वच्छता अभियान दम तोड़ता नजर आ रहा है।दरअसल दबोह नगर में संचालित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक बिद्यालय दबोह का मुख्य द्वार इन दिनों पेशाबघर बन गया है।जहां पर गन्दगी का माहौल बना रहता है।जिसके चलते नगर के समाजसेवियो ने तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान को एक शिकायती ज्ञापन सौंपा।जिसमे उन्होंने शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय के बाहर गन्दगी( पेशाब घर ) व अतिक्रमण को लेकर बात कही।यहां बताना मुनासिब होगा कि 17 फरवरी से छात्रों की 12 वी की परीक्षाए शुरू हो गई है जिसकी वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शिकायती आवेदन देने वालो में समाजसेवी दीपेंद्र चँसोलिया व राममोहन कोठारी शामिल हैं।




### इनका कहना

आपके द्वारा अवगत कराया गया है दिखवाते हैं।

**के.वी विवेक**
**एसडीएम लहार**

# धर्म के नाम पर आयोजित किया गया कार्यक्रम में सीरवी समाज ने बढ़ाया समाज का मान

### आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम

### पारिवारिक जीवन में संतान को संस्कार देने का कर्तव्य मां का होता है। धर्मगुरु

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। नरेश कुमार सिरवी**

**रानी पाली।** निकटवर्ती। ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम हुआ समापन। क्षत्रिय सीरवी समाज ईटन्दरा चारणान के सामूहिक संयुक्त प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने रचा इतिहास। जन-जन की आराध्य एवं श्रद्धा की देवी मां भगवती श्री आई माताजी की असीम अनुकंम्पा से ग्राम ईटन्दरा चारणान रानी की पावन भूमि पर नव निर्मित श्री आई माताजी वडेर में पाट स्थापना मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड ज्योति स्थापना महोत्सव। विक्रम संवत 2078 मिती माघ सुदी तेरस दिनांक 14 फरवरी 2022 सोमवार समय प्रातः 9.15 बजे श्री आई पंथ के धर्मगुरु परम पूज्य दीवान श्री माधव सिंह एवं संतो के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। प्रातः 9–15 पर ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवाने में सफलता हासिल की। महोत्सव शुरुआत गणपति पूजन से कर महाप्रसाद से किया समाप्त । समारोह में। वरघोड़ा बंदोली। मोबण भव्य कलश यात्रा। भजन संध्या। महायज्ञ। धर्म रथ स्वागत। धर्मगुरु स्वागत वास्तु शांत हवन। अतिथि स्वागत। लाभार्थी परिवार स्वागत कार्यक्रम। को निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार कार्यक्रम किए गए। गांव को दुल्हन की भांति सजाया गया। धर्मरथ और आई पंथ के धर्मगुरु बधावना श्रद्धालुओं ने चग की थाप पर गैर नृत्य पेश किया महोत्सव में ढोल की थाप व थाली की झंकार के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं एवं बालिकाव है कलश धारण कर मंगल गान करते हुए चली। बधावना में राजस्थानी अलग-अलग वेशभूषाए में राजस्थानी लोक नृत्य गेरवालों ने अंग्रेज करतब दिखाए। धर्मरथ धर्मगुरु स्वागत कार्यक्रम में सीरवी समाज सहित 36 कोम का पूरा सहयोग रहा। लगभग सवा किलोमीटर के दायरे में धर्म रथ को रेजो पर स्वागत कर अनोखी मिसाइल पेश की। वडेरो के अध्यक्ष प्रतिष्ठित वडेरो के पंच आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रतिष्ठित कोटवाल जमादारी मौजूद रहे।



### पारिवारिक जीवन में संतान को संस्कार देना मां का ही कर्तव्य है।

आई पंथ धर्म गुरु दीवान माधव सिंह ने धर्म सभा में संस्कार का जिक्र कर सीरवी समाज को नशा मुक्त करने के लिए संकल्प लिया जाए। धार्मिक आयोजन। सांस्कृतिक आयोजन निजी कार्यक्रम मृत्यु भोज आदि कार्यक्रमों में मादक पदार्थों का सेवन नहीं किया जाए। समाज को शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि नारी शक्ति अपने संतान को शिक्षा और धर्म का संस्कार दिया जाए। उन्होंने कहा कि संस्कार से ही धर्म का प्रकाश होता है। पारिवारिक जीवन में संतान को संस्कार देने का प्रथम दायित्व मां का होता है। धर्म सभा को अपने संवाद में धर्मगुरु ने समाज को एकता अखंडता भाई चारा प्रेरणा से चलने का दिया संकल्प। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थी परिवार का धर्मगुरु के सानिध्य में किया बहू मान।


### 36 कोम ने किया धर्मगुरु का स्वागत

आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के धर्म सभा में ईटन्दरा चारणान 36 कोम ने अलग-अलग समाज से प्रतिनिधित्व कर सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह का जोरदार डोर टू डोर स्वागत किया। दीवान माधव सिंह ने आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में 36 कोम ने किया सहयोग धर्मगुरु ने जताया आभार। और संपूर्ण ईटन्दरा चारणान ग्राम वासियों की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

### आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ईटन्दरा चारणान स्वर्ण अक्षरों में नाम दर्ज करवाने के मुख्य बिंदु

इतिहास में प्रथम बार आई माता वडेर महोत्सव के प्रथम से अंतिम संपूर्ण बोलियां की धनराशि नगद प्राप्त की गई। स्वस्थ भारत मिशन का संकल्प मुख्य मार्ग धर्म सभा भोजनशाला रसोईघर मंदिर परिसर स्वच्छता के प्रति अनोखा रिकॉर्ड दर्ज किया गया। समस्त ग्राम वासियों का सहयोग जिससे शांत वातावरण शांतिपूर्वक संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुए। आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लाभार्थियों का सह परिवार का भव्य सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए सफलता हासिल की।

# एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन प्लांट का लोकार्पण आज अटल सभागार ग्वालियर में




### यहां होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण


### अटल सभागार में जनकल्याणकारी योजनाओं का संबंधित हितग्राहियों को होगा वितरण

ग्वालियर। स्वच्छता का दे रहा संदेश, संवर रहा मध्यप्रदेश के तहत मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में 550 मीट्रिक टन क्षमता के गोबर-धन, बायो सीएनजी प्लांट का लोकार्पण दिनांक 19 फरवरी 2022 को प्रातः 11.45 बजे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम ग्वालियर द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय स्थित अटल सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरुकता आयोजन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ संबंधित हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यानिकी राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, मप्र बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा भुजबल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छ ग्वालियर मिशन चलाया जा रहा है तथा ग्वालियर शहर को देश का सबसे स्वच्छ बनाने के लिए पूरी सक्रियता से प्रयास किए जा रहे हैं, निगम के इन प्रयासों को शहर के नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है। स्वच्छ ग्वालियर मिशन में शहर के शतप्रतिशत नागरिकों की सहभागिता होना आवश्यक है, इसी के चलते निगम द्वारा निरंतर जनजागरुकता के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

इसी के तहत मध्यप्रदेश के इंदौर में देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा लोकार्पित होने जा रहे एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन (बायो-सीएनजी) प्लांट का साक्षी ग्वालियर शहरवासियों को बनाने हेतु कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 11 बजे से शहर में दो स्थानों अटल सभागार जीवाजी विश्वविद्यालय एवं टाउनहॉल पर किया जाएगा। जिसमें मुख्य कार्यक्रम अटल सभागार जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। जिसमें स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रमाणपत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र एवं अन्य कार्ड जो कि विभिन्न जनमित्र केन्द्रों पर बने रखें हैं, वह कार्यक्रम स्थल से संबंधित हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल जी के जन्म दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा



ग्वालियर । मध्यप्रदेश शासन ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न और ग्वालियर के गौरव स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को चिर स्थायी बनाने के लिये उनके जन्म दिवस को नगर गौरव दिवस (सिटी डे) मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन जिला प्रशासन और नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्व. अटल जी के जीवन पर आधारित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राज्य का प्रत्येक नगर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। स्थानीय नागरिकों में आत्म गौरव की भावना को निर्मित करने तथा शहर से लगाव बड़ाने के लिए उन्हें स्थानीय जानकारी होना अनिवार्य है, जिससे पीड़ी दर पीड़ी सांस्कृतिक विरासत का हस्तांतरण हो सके। इस हेतु राज्य स्तर पर वर्ष में एक दिन उस शहर के लिये नगर गौरव दिवस के रूप में नामांकन करने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में ग्वालियर को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बर को नगर गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने नगर गौरव दिवस के लिये सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों व बुद्धिजीवियों से चर्चा करने के उपरांत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को नगर का गौरव दिवस मनाने का प्रस्ताव नगर निगम प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना को भेजा, जिस पर उन्होंने स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत प्रस्ताव का अनुमोदन जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भी किया है।

ग्वालियर में अब 25 दिसम्बर को अटल जी के जन्मदिवस पर नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। नगर गौरव दिवस पर अटल जी के जीवन पर आधारित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें स्थानीय इतिहास एवं अन्य जानकारियों से जन सामान्य को अवगत कराने हेतु विचार गोष्ठी का आयोजन, स्थानीय पाठशालाओं में नगर से जुड़े विषयों पर क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगितायें एवं भाषण आदि संवाद का आयोजन, नगरीय विकास को रेखांकित करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान, रैली, स्वच्छता, श्रमदान, वृक्षारोपण आदि गतिविधियों का आयोजन, साहित्यिक गोष्ठी एवं स्थानीय कलाकारों का सम्मान, स्थानीय फूड फेस्टिवल का आयोजन एवं अन्य कार्यक्रम गरिमा के अनुसार आयोजित किए जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा पूर्व से ही प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस पर अटल सम्मान और हमारे अटल-प्यारे अटल नाम से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लश्कर पष्चिम में तीन उपभोक्ताओं से वसूला एक लाख रूपये से अधिक का जलकर

ग्वालियर। जलकर वसूली अभियान के तहत नगर निगम ग्वालियर के पीएचई अमले द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत जलप्रदाय संधारण खंड लश्कर पश्चिम क्षेत्र में जलकर वसूली की कार्यवाही करते हुए 1 लाख 28 हजार 328 रूपये जलकर वसूल किया तथा बडी संख्या में अवैध नल कनेक्शन काटे गए। सहायक यंत्री श्री केसी अग्रवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता के मागदर्शन में अवैध नल कनेक्शन काटने एक बकायदारों से जलकर वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 1 लाख से अधिक के बकायदारों को नोटिस जारी कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत कार्यवाही करने के लिए नोटिस तैयार किये जा रहे हैं। आज जलकर के रूम में भाउ का बाजार निवासी श्रीमती यशोदामल से दो कनेक्शनों से 66 हजार 328 रूपये, नई सडक निवासी श्री ओमप्रकाश से 25 हजार रूपये एवं चिटनिस की गोठ निवासी श्री यशवंत से 40 हजार रूपये का जलकर वसूला गया।

### धारणा अधिकार के प्राप्त आवेदनों की जाँच हेतु शिविरों का आयोजन

ग्वालियर। धारणा अधिकार के प्राप्त आवेदनों की जाँच, बीपीएल आवेदन पत्रों का निराकरण एवं भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के कार्ड बनाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह द्वारा गत दिवस आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में आयोजित इन शिविरों में हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जायेगा।

# जिलाध्यक्ष एवं समर्पण निधि के प्रभारी ने भाजपा अजा मोर्चा को दी निधि पुस्तिकाएं



ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशस्तर पर समर्पण निधि जमा करने का अभियान चला रही है। ग्वालियर जिले की महानगर इकाई को चार करो? की समर्पण निधि का लक्ष्य मिला है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं समर्पण निधि अभियान के प्रभारी श्री रामेश्वर भदौरिया ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा को निधि पुस्तिकाएं दी। भाजपा अजा मोर्चा को पार्टी ने 2 लाख का लक्ष्य दिया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए लक्ष्य को जल्दी से जल्दी पूर्ण कर लेंगे, क्योंकि भाजपा के पास संगठन के प्रति समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ता है। जो कि विचारधारा के प्रति सदैव तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर जनजाति मोर्चे के मण्डल और जिलास्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फोटो मीटर रीडिंग (पीएमआर) के लिए मीटर रीडर का उपभोक्ता परिसर में जाना अनिवार्य

### अब नहीं भर सकेंगे आंकलित खपत

ग्वालियर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किये हैं कि किसी भी स्थिति में मीटर रीडरों द्वारा कार्यालय में बैठकर उपभोक्ताओं के कनेक्शन की आंकलित खपत दर्ज करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही यदि ऐसा पाया गया कि मीटर रीडर द्वारा मीटर रीडिंग उपभोक्ता के परिसर में जाकर नहीं ली गई है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मुख्यालय स्तर से एनजीबी प्रणाली की समीक्षा में यह पाया है कि मैदानी कार्मिकों द्वारा उपभोक्ताओं के परिसरों में स्थापित मीटरों के चालू हालत में होने के बावजूद भी आंकलित खपत दर्ज की जा रही है, जो किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कंपनी ने यह भी निर्णय लिया है कि उपभोक्ताओं के परिसर में जाए बिना एनजीबी प्रणाली में खपत दर्ज करने की सुविधा बिलिंग प्रणाली में बंद कर दी गई है। कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक सहित मीटर रीडरों को इस बारे में निर्देश जारी कर दिये गए हैं। कंपनी ने कहा है कि मीटर वाचन की निगरानी, मीटर वाचकों के कामकाज की साप्ताहिक समीक्षा के चलते कंपनी कार्यक्षेत्र में बिलिंग संबंधी शिकायतें वर्तमान में आधी रह गई है। कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर की फोटो मीटर रीडिंग में शुद्धता (एक्युरेसी) के साथ ही बिलिंग संबंधी शिकायतों को शून्य करने एवं कंपनी के राजस्व में वृद्धि करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# नगर निगम ग्वालियर द्वारा की गई 31 लाख 38 हजार के विज्ञापन शुल्क की वसूली के लिए भवन नीलाम करने की कार्यवाही

### 1 करोड 20 लाख 5 हजार रुपए में नीलाम हुआ भवन




ग्वालियर। मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 134, 175, 179 (4) एवं सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश 21 नियम 66 के तहत शिन्दे की छावनी स्थित एक भवन पर विज्ञापन शुल्क कुल राशि 31,38670/- की वसूली हेतु 10 जनवरी 2022 को कुर्की की कार्यवाही के बाद आज दिनांक 18 फरवरी को नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही की गई।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता के निर्देशन में की गई कार्यवाही के तहत श्रीमती शांतिदेवी भार्गव निवासी शॉन ए शॉकत के पास शिंदे की छावनी ग्वालियर पर नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शुल्क अर्थदण्ड देय रूपये 29,61010/- एवं आदेशिका शुल्क लेख में देय रूपये 148050/- रूपये कुल वसूली राशि रूपये 31,38670/- की वसूली हेतु कुर्क की गई थी। संबंधित द्वारा नियत दिनांक 24.01.2022 तक भी कुल देय राशि का भुगतान नगर निगम ग्वालियर कार्यालय में नहीं किया गया। जिसके उपरांत निगम द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही निगम मुख्यालय में की गई। नीलामी की प्रक्रिया में 7 बोलीदारों द्वारा भाग लिया गया। निगम द्वारा उक्त भवन की नीलामी हेतु बेस प्राइज 54 लाख रुपए तय की गई थी। जिसके उपरांत बोलीदारों बोली लगाई गई जिसमें सर्वाधिक बोली सुश्री गिरिजा शर्मा शिन्दे की छावनी द्वारा 1 करोड 20 लाख 5 हजार रुपए लगाई गई। सर्वाधिक बोलीदार को सोमवार 21 फरवरी 2021 तक बोली की 25 फीसदी राशि निगमकोष में जमा करनी होगी। नीलामी की कार्यवाही में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री सुनील चौहान, नोडल अधिकारी विज्ञापन शाखा श्री केशव सिंह चौहान, नोडल अधिकारी राजस्व श्री लोकेन्द्र सिंह चौहान, सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन शाखा श्री संदीप शर्मा, श्री दीपक अग्निहोत्री एवं श्री नीतेश शिवहरे उपस्थित रहे।




# गोमती की फडी कचरा ठिया किया समाप्त, अब बनेगा सुंदर पार्क, निगमायुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश





ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सुबह-सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर शहर की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सिकंदर कंपू स्थित गोमती की फड़ी के सबसे बड़े मैदान का निरीक्षण किया जहां बड़ा कचरा ठिया था, अब साफ करा दिया गया है। इस स्थल को पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल को दिए। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ श्री लक्ष्मण घई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा बाजारों में दुकानदारों एवं घरों में महिलाओं से चर्चा कर उन्हें कचरा सड़क पर ना फेंकने की अपील की और दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने कचरा सड़क पर फेंका तो उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त श्री कन्याल ने हनुमान बांध तक निरीक्षण कर नालों की सफाई व्यवस्था भी देखी तथा संबंधित अधिकारियों को नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल को निर्देश दिए कि वह यह सुनिश्चित करें शहर में जहां भी निर्माण कार्य हो रहे हैं वहां ग्रीन नेट डालकर संबंधित निर्माण कार्य करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करें।

इसके साथ ही नोडल मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान को निर्देश दिए कि 2 दिन पूरे शहर में विशेष अभियान चलाकर शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं नंदी एवं गायों को पकड़कर गौशाला भिजवाएं।

वहीं अधीक्षण यंत्री जनकार्य श्री पारा को निर्देश दिए कि डस्ट फ्री सड़कों के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जिन सड़कों को चिन्हित किया गया है वहां तत्काल पेवर टाइल्स लगाकर सड़क के दोनों ओर डस्ट फ्री बनाने का कार्य तेजी से करें। जिससे सर्वेक्षण से पूर्व कार्य पूर्ण हो सके।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478